हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 11 मई 2024



## खबर संक्षेप

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**छुईखदान।** अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 मई को ग्राम गभरा में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखने वाले आरोपी हीरालाल कुर्रे 24 साल साकिन गभरा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 रुपए जब्त कर पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक शिवशंकर गेंदले, उपनिरीक्षक बीआर सिन्हा, आरक्षक अख्तर मिर्जा, आरक्षक शिशुपाल साहू, महिला आरक्षक झमित ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### आज से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज



**राजनांदगांव।** मौसम विभाग के अनुसार कल से फिर मौसम बदलने के आसार दिखाई दे रहे हैं। एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से असम तक छत्तीसगढ़ होते हुए स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य मध्यप्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बिहार के ऊपर 3.1 किमी ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल 11 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किन्तु बढ़ते क्रम में बने रहने की संभावना है।

# अंततः नपा अध्यक्ष के इस्तीफे पर राज्य सरकार ने लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

काफी जद्दोजहद बाद प्रदेश सरकार ने नपा अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा का इस्तीफा स्वीकार करते इसकी सूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी है।

गौरतलब है कि पारिवारिक कारणों का हवाला देते शैलेंद्र वर्मा ने बीते 13 फरवरी को सीएमओ को पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए स्वेच्छा से पद छोड़ने की लिखित जानकारी दी और उनके अलावा नगरीय प्रशासन विभाग में भी खुद उपस्थित होकर त्यागपत्र दिया था, लेकिन दो दिन बाद इस्तीफा देने से इंकार कर सीएमओ प्रमोद शुक्ला के खिलाफ हस्ताक्षरयुक्त लेटर पैड का दुरूपयोग कर कूटरचना का आरोप लगाते पुलिस में शिकायत कर दी थी। मामले को लेकर पुलिस ने संबंधितों का बयान लिया। शैलेंद्र वर्मा ने राहत पाने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन मामले को कोर्ट ने खारिज कर दिया। जिसके बाद राज्य सरकार ने 23 अप्रैल को जारी राजपत्र में छग नपा अधिनियम 1961 की धारा में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग मे लाते हुए शैलेंद्र वर्मा द्वारा 13 फरवरी को पद से दिए त्यागपत्र को स्वीकार कर लिया है।

### इस्तीफे के बाद नहीं चला इंकार का खेल, लाखों रुपए के भ्रष्टाचार मामले के भी आरोप

#### टॉस में बने थे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष



पूर्व में नपा चुनाव के दौरान वार्ड पार्षदों की संख्या में कांग्रेस-भाजपा में बराबर दस-दस हो जाने के कारण टॉस की स्थिति बनी थी। जिसमें शैलेंद्र वर्मा अध्यक्ष और अब्दुल रज्जाक खान उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, लेकिन गुटों में बंटी कांग्रेसी पार्षदों के बीच तालमेल बिठाने में वो नाकामयाब रहे। जिसके चलते दर्जनों बार कांग्रेसी पार्षद गुपचुप ढंग से बैठक बाद सार्वजनिक रूप से विरोध करते रहे। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी एल्डरमैन मनराखन देवांगन ने उन पर काम नहीं करने का गंभीर आरोप लगाया था।

#### पद से उतारने के डर से पहले इस्तीफा

नपा अध्यक्ष पद से शैलेंद्र वर्मा के त्यागपत्र को राजनैतिक जानकार अलग-अलग नजरिये से देख रहे हैं। उनका कहना है कि दो बार के पार्षद शैलेंद्र वर्मा कांग्रेस शासन के दौरान संपादित लाखों रुपयों के कामों में भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों मे आकंठ डूबे हुए हैं। प्रदेश में सत्ता सरकार बदलने के बाद गंभीर मामलों में फंसने के भय से उन्होंने कार्यकाल पूरा किए बिना त्यागपत्र सौंप दिया। वहीं कुछ का यह मानना है कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान भी उनका कांग्रेसी पार्षदों से कई मामलों मे पटरी नहीं बैठती थी। इस स्थिति में आशंका थी कि कोई पार्षद भाजपा से सांठगांठ कर उन्हें गद्दी से उतारे, उसके पहले ही वो त्यागपत्र देकर बरी हो जाए।

#### भाजपा के संपर्क में भी थे वर्मा

पता चला कि प्रदेश में सत्ता सरकार बदलने के बाद से शैलेंद्र वर्मा का कांग्रेस से मोह भंग हो गया था और वो भाजपा के आला नेताओं के संपर्क में थे, इसलिए पूरी आशंका थी कि आने वाले दिनों में शैलेंद्र वर्मा भाजपा का दामन थामकर दुबारा नगर पालिका में किसी पद पर काबिज हो सकते हैं, लेकिन पहले इस्तीफा फिर इंकार के बाद उनका रास्ता भी लगभग बंद हो गया है।

### रेवाडीह शराब दुकान के अहाते के लिए सबसे ज्यादा की लगी बोली

# पौने चार करोड़ में बिका 13 अहाता तीन के लिए सामने नहीं आए ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की शराब दुकानों के बाहर अब जल्द ही अहाता सजते हुए नज़र आने लगेंगे। जिले की 16 शराब दुकानों के लिए टेंडर किया गया था। जिसमें 13 दुकानों को लेने के लिए पौने चार करोड़ रुपए की बोली लगाई गई है। हालांकि तीन दुकानों के लिए कोई भी निविदा नहीं आने के कारण उनके अहाता का टेंडर नहीं किया जा सका है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्ता पर आने के बाद साय सरकार ने शराब दुकानों के बाहर अहाता खोलने का निर्णय लिया था। जिले की सभी 16 सरकारी शराब दुकान के बाहर अहाता के लिए टेंडर के तहत आवेदन मंगाए गए थे। जिसके बाद शुक्रवार को जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल और आबकारी अधिकारी के सामने निविदाएं खोली गई। सबसे अधिक रकम वार्ड क्रमांक 22 स्थित शराब दुकान के लिए लगाई गई है। वहीं सबसे कम बोरतलाब शराब दुकान के लिए बोली लगी है।



देशी मदिरा अहाता डोंगरगांव रघवेन्द्र पिता फुलसिंग 2962000, देशी मदिरा कंपोजिट अहाता सोमनी देवसिंह पिता संजय सिंह 1666900, देशी मदिरा अहाता मंडी बाईपास रोड़ नितिन रुपचंद भीमानी पिता रुपचंद भीमानी 4500000, विदेशी मदिरा अहाता मंडी बाईपास रोड़ नितिन रुपचंद भीमानी पिता रुपचंद भीमनी 3900000, देशी मदिरा कंपोजिट अहाता बोरतलाब शिवशंकर साहू पिता भगतराम साहू 1109200, देशी मदिरा अहाता सोमनी अखिलेश कुमार कश्यप पिता ध्रुवनाथ कश्यप 1486000, देशी मदिरा अहाता रेवाडीह बाईपास रोड़ वेदप्रकाश परगनिया पिता कृष्णकुमार परगनिया 3421000, विदेशी मदिरा अहाता डोंगरगांव राघवेन्द्र पिता फूलसिंग 1173200, विदेशी मदिरा अहारा रेवाडीह बाईपास रोड़ लोकेश राव महादीप पिता लोमन राव 1969900, विदेशी मदिरा अहाता राजनांदगांव वार्ड नं. 22 भुपेन्द्र सिंह आनंद पिता नरेन्द्र पाल सिंह आनंद 4871000, विदेशी मदिरा अहाता कंपोजिट बेलगांव मनोहर सिन्हा पिता आजुराम सिन्हा 3367000, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट टेड़ेसरा अनिरुद्ध पंडा पिता पिताम्बर पंडा 2951000, देशी मदिरा अहाता कंपोजिट अर्जुनी हरिशचन्द्र तिवारी पिता रामशरण तिवारी 3431000 शामिल हैं।

#### दोनों नए जिले में भी खुलेंगे अहाता

राजनांदगांव जिले से अलग होकर गठित खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले में भी अहाता की नीलामी की गई है। खैरागढ़ जिले में 8 दुकान हैं। जिसके लिए कुल 1.27 करोड़ रुपए की बोली लगाई गई है। ऐसे ही मोहला-मानपुर जिले की 4 दुकान के लिए कुल 53.95 लाख की बोली लगी है। जबकि राजनांदगांव जिले की 16 में से 13 दुकान के लिए कुल 3.68 करोड़ की बोली लगी है।

#### प्रक्रिया पूरी

राज्य शासन के निर्देश पर आज नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई है। 13 दुकानों के लिए 34 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनके ज्यादा रेट थे, उन्हें अहाते को ऐलाट किया गया है। 3 शराब दुकानों के अहाते के लिए कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण उनकी प्रक्रिया को फिलहाल रोक दिया गया है।

**- यदुनंदन राठौर**
सहायक आयुक्त आबकारी

# असिस्टेंट आडिटर अपने ही कार्यालय में फांसी पर झूला

### भवानी नगर में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के भवानी नगर में स्थित क्षेत्रीय उपसंचालक कार्यालय छग राज्य लेखा संपरीक्षा कार्यालय के कर्मचारियों में उस समय सनसनी फैल गई, जब वे कार्यालय पहुंचे तो देखे कि कार्यालय में असिस्टेंट आडिटर पद पर पदस्थ कर्मचारी फांसी पर झूल गया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानी नगर स्थित क्षेत्रीय उपसंचालक कार्यालय, छग राज्य लेखा संपरीक्षा में असिस्टेंट आडिटर के पद पर पदस्थ भिनेन्द्र कुमार वामन पिता नारद कुमार 38 वर्ष कार्यालय के फर्स्ट फ्लोर में पंखे पर नायलोन रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार को सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे, तब उक्त युवक को फांसी पर लटकता देखे तो सनसनी फैल गई थी।

#### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव पंचनामा कर जांच कार्रवाई में लिया है। इधर इस घटना की खबर भवानी नगर इलाके में जैसे ही फैली आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### टैंकर के भरोसे कई वार्ड, नया ढाबा वार्ड में पनपा आक्रोश

# अमृत मिशन के नाम पर 300 करोड़ खर्च के बाद भी पेयजल संकट दूर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव शहर में पेयजल के लिए लगभग 300 करोड़ रुपए की अमृत मिशन योजना होने के बाद भी यहां के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शहर के नया ढाबा वार्ड सहित कई वार्डों में लगभग एक वर्ष से लोग पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। पार्षद से लेकर नगर निगम और कलेक्टोरेट कार्यालय तक फरियाद करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यहां लोगों के घरों में नल तो है, लेकिन उससे पानी नहीं आता है।

भीषण गर्मी के बीच राजनांदगांव शहर के नया ढाबा वार्ड के लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। यहां अमृत मिशन योजना के तहत नल का कनेक्शन दिया गया है, लेकिन उससे पानी नहीं आ रहा है, जिसे देखते हुए नगर निगम द्वारा एक टैंकर पानी दिन में भेजा जाता है, जो पर्याप्त नहीं है।

पानी टैंकर के आने पर पेयजल के लिए लड़ने-झगड़ने की नौबत आ जाती है। वार्ड के लोगों ने स्थानीय पार्षद से लेकर नगर निगम आयुक्त, महापौर तक को अपनी समस्या से कई बार अवगत कराया है, लेकिन पेयजल संकट कोई भी दूर नहीं कर सका है।



#### भाजपा सरकार दोषी : कुलबीर

नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा का कहना है कि विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र की जनता पेयजल के लिए तरस रही है। उन्होंने कहा कि 300 करोड़ रुपए से अधिक पेयजल के लिए खर्च होने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए अमृत मिशन योजना के समय की रमन सरकार और तत्कालीन महापौर मधुसूदन यादव सहित नगर निगम के अधिकारी जिम्मेदार हैं।

#### सालभर से गहराया संकट

वार्ड की निवासी दयावती, नरबदबाई वर्मा, संतरीबाई और प्रभु यादव का कहना है कि लोगों के घरों में नल तो लगा दिया गया है, लेकिन नल से पानी नहीं आ रहा है। लगभग एक साल से यही समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि एक टैंकर पानी भेजा जाता है, जो क्षेत्र के लोगों को पूरा नहीं होता। लोगों का कहना है कि सरकार 5 किलो मुफ्त में चावल तो दे रही है, लेकिन उस चावल को पकाने पानी नहीं मिल रहा है।

#### प्रेशर डाउन के कारण समस्या

अभी 40 एमएलडी पानी शहर में सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नया ढाबा क्षेत्र में पाईप लाईन सहित अन्य समस्या के चलते प्रेशर डाउन है। उन्होंने बताया कि कुछ एरिया में पानी की समस्या होती है, जहां पानी टैंकर भेजकर जलापूर्ति की जाती है।

**- यूके रामटेके,** मुख्य कार्यपालन अभियंता

#### टैंकर से पानी भरने मचती है होड़

राजनांदगांव शहर के नया ढाबा वार्ड में व्याप्त जल संकट के चलते लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नल से पानी नहीं आने की स्थिति में पानी टैंकर की आस में लोग अपने घर से कहीं जा भी नहीं पाते हैं। वहीं रविवार को पानी टैंकर नहीं आता है। जिसके चलते शनिवार को टैंकर आने पर बेहद भीड़ हो जाती है। लोग दो दिनों का पानी अपने घर में जमा करके रखते हैं। शनिवार के बाद सोमवार को ही पानी टैंकर पहुंचता है, तब भी पानी के लिए लड़ाई-झगड़े की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे लोगों में आपसी द्वेष भी बढ़ रहा है।

# बेहतर परिणाम दिलाने में महंगी शिक्षा नाकाम? मेरिट सूची के 103 टॉपर छात्रों में निजी स्कूल के सिर्फ 19 ही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि हर पालक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के नाम पर महंगे निजी स्कूल में दाखिल कराना चाहते हैं। इसके लिए बेहतर से बेहतर स्कूलों का विकल्प तलाशने के साथ ही निजी स्कूलों की महंगी फीस भी भरी जाती है। यह सब करने के बाद पालकों को यकीन होता है कि उनके बच्चों का स्तर सुधरेगा, लेकिन हाल ही में जारी किए गए दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम इसके विपरीत हालत बयान कर रहे हैं।

माशिमं द्वारा जारी प्रदेश की मेरिट सूची में जहां अविभाजित राजनांदगांव जिले से महज एक छात्रा शामिल है, वह भी निजी नहीं, बल्कि आत्मानंद स्कूल की छात्रा है। इसके अलावा जिलावार जारी मेरिट सूची पर नजर डाला जाए जो अविभाजित राजनांदगांव जिले में दसवीं-बारहवीं मिलाकर कुल 103 छात्रों को मेरिट सूची में स्थान दिया गया है। जिनमें केवल 19 बच्चे ही निजी स्कूलों में पढ़ने वाले हैं, शेष 84 बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़कर मेरिट सूची में शामिल हुए हैं। पिछले साल के परिणाम में भी निजी स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों का ही दबदबा देखने को मिला था।

### निजी स्कूलों के मुकाबले सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन बेहतर



#### आत्मानंद के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

एक तरफ जहां निजी स्कूलों की महंगी शिक्षा के बाद भी मेरिट सूची में बच्चे स्थान नहीं बना पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले में संचालित आत्मानंद स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने इस बार की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। राजनांदगांव जिले में दसवीं में 4 और 12वीं में 2 आत्मानंद स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 10वीं में 4 और 12वीं में 4 बच्चे, मोहला-मानपुर जिले में 10वीं में 6 और 12वीं में 4 बच्चे आत्मानंद स्कूल में पढ़ने के बाद जिले की मेरिट सूची में आए हैं। ज्ञात हो कि अविभाजित जिले में 18 आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला संचालित की जा रही है।

#### फीस के नाम से पालक परेशान

निजी स्कूलों में फीस बढ़ोत्तरी से पालक भी बेहद परेशान चल रहे हैं। निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस बढ़ोत्तरी कर दी जाती है। हर साल बच्चों से एडमिशन फीस के नाम से पैसे लिए जाते हैं। लगातार शिकायतों के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा इन स्कूलों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करना भी सवाल खड़ा कर रहा है। यही कारण है कि पालक भी अब अपने बच्चों को निजी स्कूल की बजाय सरकारी अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाने पर जोर देने लगे हैं।






खबर संक्षेप



## सड़क को अधूरा छोड़ा

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुसराकला के आश्रित ग्राम मुसराखुर्द से पलान्दुर मार्ग को खोदकर छोड़ देने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मुसराखुर्द से छीपा, डोड़की होकर पलान्दुर पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन ठेकेदार ने पुराने मार्ग को खोद दिया है। करीब एक माह पूर्व पुरानी सड़क को उखाड़ तो दिया गया लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। निर्माण न होने से इन तीनों ग्रामों के अतिरिक्त इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग उखाडने के बाद भारी वाहन के गुजरने से कई जगह गढडे हो गए है जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका है।

## चिरचारी में महुआ बैंक की स्थापना



**बांधाबाजार।** समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था दक्कोटोला के मार्गदर्शन पर मोहला तहसील के ग्राम चिरचारी में महुआ बैंक की स्थापना किया गया। हर परिवार से पांच किलो महुआ दान के रूप में देकर सार्वजनिक कोष में जमा किया है। इस कोष के प्रबंधन की जिम्मेदारी युवाओं का सौंपा गया है। दाम में वृद्धि होने पर कोष में जमा महुआ को बेचने के बाद पुनः महुआ संकलन किया जाएगा। पिछले वर्ष की राशि का नया महुआ खरीदा जाएगा। महुआ बैंक से 22 परिवार जुड़े है। ग्राम पटेल मांगऊ राम धुर्वे की उपस्थिति में ग्रामीणों ने महुआ बैंक बनाने तथा आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। फिलहाल सामुदायिक महुवा बैंक में 110 किलोग्राम महुआ संकलित हुआ है। महुआ बैंक बनाने में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव कामता प्रसाद कचलामे एवं सुरेंद्र सिंह धुर्वे आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### स्कूलों में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे हुए घोषित, संतुष्ट दिखे बच्चे

# गांवों के बच्चों ने बजाया सफलता का डंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भारी भरकम फीस लेकर बेहतर शिक्षा देने का दावा करने वाले निजी स्कूलों के बच्चों को पीछे छोड़ते हुए गांव के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। जिला स्तरीय प्रावीण्य सूचि में ब्लाक 8 विद्यार्थी स्थान बनाने में कामयाब रहे हैं। हैरानी वाली बात यह है कि सभी बच्चे गांव के स्कूलों में पढ़ने वाले हैं।

उल्लेखनीय है कि गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बारहवी की परीक्षा के नतीजे घोषित किया। इस बार प्रदेश स्तरीय मेरीट सूचि में ब्लाक का कोई भी विद्वार्थी स्थान नहीं बना सका किन्तु बोर्ड द्वारा जिला स्तरीय मेरीट सूचि जारी किया गया है उसमें ब्लाक के आठ विद्वार्थी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार अरोन जानसन स्कूल तुमड़ीबोड़ के जलज साहू ने 600 में से 580 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल अर्जुनी की डाली आ जोगनकुमार कमरिया ने चौथा, आरेन जानसन स्कूल तुमड़ीबोड़ के विजय सिन्हा आ दिलीप सिन्हा ने पांचवा, शासकीय हाईस्कूल विचारपुर नवागांव के खूबचंद आ राजकुमार ने आठवा, आरोन जानसन स्कूल तुमड़ीबोड़ के दीपक करसल यदु आ खोरबहरा ने नौवा और शासकीय हाईस्कूल बड़गांव चारभांठा के भास्कर आ माधवराम, आरेन जानसन स्कूल तुमड़ीबोड़ की हर्षिता श्रीवास्ताव आ विमलेश श्रीवास्तव एवं शासकीय हाईस्कूल अर्जुनी के लक्कीकुमार सोनकर आ यशवंत सोनकर ने दसवा स्थान हासिल किया।

### एक ही स्कूल के तीन

जानकारी के अनुसार आरोन जानसन स्कूल तुमड़ीबोड़ के तीन विद्यार्थी जिला स्तरीय मेरीट सूचि में स्थान पर कामयाब रहे। वहीं शासकीय हाईस्कूल अर्जुनी के दो विद्यार्थी ने सफलता के झंडे गाड़े।

इसी प्रकार कक्षा बारहवीं की परीक्षा में शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला अर्जुनी की छात्रा पल्लवी साहू आ जीवनदास साहू ने 500 में से 455 अंक हासिल कर जिला स्तरीय मेरीट सूचि ने नवां स्थान हासिल किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक दलेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, गुलाब वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, इंदुमति साहू, अर्जुनी की सरपंच द्रोपति साहू आदि ने सभी को बधाई दी है।

## 12वीं की परीक्षा का परिणाम रहा 93 फीसदी



**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया का परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12 वीं का परिणाम 93 प्रतिशत रहा। शाला के 176 छात्रों में 162 ने सफलता हासिल किया। दसवीं का परीणाम 59 प्रतिशत रहा। 74 में 43 छात्रों उत्तीर्ण हुए। बारहवीं कला संकाय में तिलेश्वरी 90.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही। दूसरा स्थान विश्व मोहनी तथा तीसरा स्थान सुमित निषाद ने प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में प्रथम अमीषा वर्मा 83.2 प्रतिशत, द्वितीय ईश्वरी वर्मा 75.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान सेजल राजपूत 73.2 प्रतिशत ने प्राप्त किया। गणित संकाय में प्रथम ऐशवर्या साहू 82.6 प्रतिशत, द्वितीय रीतू वैष्णव 73.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान क्रिश सिन्हा 69. 2 प्रतिशत ने प्राप्त किया। जीव विज्ञान संकाय में प्रथम सजना 79 प्रतिशत, द्वितीय श्वेता कुंभकार 74.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान रीतू साहू 73. 4 प्रतिशत ने प्राप्त किया। अन्य 87 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में मिनेश साहू 88.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, द्वितीय देवशरण 84. 5 प्रतिशत तथा चेमेश्वरी 84 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। परीक्षा में 31 छात्र प्रथम श्रेणी में सफल हुए। सभी छात्रों को जनपद सदस्य कविता अशोक जंघेल, सरपंच मीरा वैष्णव, लोमश वैष्णव, प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिवकुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेदकुमारी पाली, सरिता शर्मा, शोभना बोपचे, पी सिन्हा, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, ताकेसेश्वर , रंजिता राजपुत, बिसनाथ ने बधाई दी है।

### जिला को टॉपटेन में मिली जगह

जिला के टापटेन छात्रों में शासकीय स्कूलल धोधा एवं सड़क अतरिया के दो -दो छात्र स्थान बनाने में सफलता हासिल किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धोधा की कक्षा बारहवीं की मानसी जंघेल पिता सुमंत 92.60 प्रतिशत के साथ दूसरा तथा लक्ष्मी पिता घासी राम 91.20 अंक के साथ पांचवे स्थान पर रही। बारहवी में दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया के दो छात्र तिलेश्वरी पिता मिलन राम यादव 90.40 प्रतिशत अंक के साथ जिला में सातवां तथा विश्व मोहनी पिता पुनीत को 89.40 अंक प्रतिशत के साथ 9 वां स्थान मिला है।


शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धोधा में बोर्ड परीक्षा का परिणाम काफी बेहतर रहा। बारहवीं में बालिका तो दसवी में बालकों ने बाजी मारी है। यहां दसवीं का परीक्षा परिणाम 72 प्रतिशत तथा बारहवीं का 90 प्रतिशत रहा। दसवीं की परीक्षा में शामिल 108 में से 78 छात्रों ने सफलता हासिल किया है। विद्यालय में प्रथम स्थान तुषार कुमार वर्मा 94 प्रतिशत, द्वितीय सत्यानंद जंघेल 93 प्रतिशत तथा विकास दास 92 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार दसवीं में योग नंदिनी साहू, खुशीसिंह राजपूत, अनिल जंघेल, रिया वर्मा, त्रिशा साहू, शुभम वर्मा, भूमिका साहू, गोविंदा साहू, हेमा वर्मा, झरना वर्मा सहित अन्य छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं के 79 में 71 छात्रों को सफलता मिली। प्रथम स्थान मानसी जंघेल 93 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्मी 91 प्रतिशत तथा डोंगेश्वर साहू तीसरे स्थान पर रहा। मोनिका वर्मा, भूमिका साहू, पिंकी, रोशन, सौम्या, विष्णु, मनीषा, चुम्मन, वेदवती, बालकिशोरी, नेहरू, पलक सहित अन्य प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सफलता प्राप्त करने वालों को प्राचार्य दुर्जनराम जंघेल, शिक्षक डोमनलाल साहू, जयप्रकाश नारायण श्रीवास्तव, प्रतिमा धनकर, यशोमती वर्मा, स्मिता अग्रवाल, अर्चना चौबे, श्वेता गुप्ता, पुष्पा देवांगन, कोमेश्वरी वर्मा आदि ने बधाई दी है।

## सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के परीक्षा परिणाम बेहतर



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित दसवी की परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। संस्था के नागेश्वर साहू ने 92 प्रतिशत, लकी सिन्हा 90.16, आकाश कुमार महोबिया 88.50, मीनाक्षी श्रीवास्तव 87.50, तृप्ति वर्मा 85.83, शौर्य अंबादे 85.33, रुद्र प्रताप नेति 84.66 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल किया। परीक्षा में शामिल 53 छात्रों में से 29 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में अमन वर्मा 87, योगेश्वरी 83.4, द्वितीय, केशवारी वर्मा 82.4, सानिया राजपूत 81.6, साहिल वर्मा 78.8, नेहा ढीमर 78.4, मुस्कान वर्मा 77.2, शिवम शेवटे और उज्ज्वला गजभी 74.8, शिक्षा देवांगन 74.6, गीतांश वर्मा ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल किया है। 12 वीं की परीक्षा में शामिल 38 में प्रथम श्रेणी 2 में उत्तीर्ण हुए। उक्त उपलब्धि पर सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, मीना गिरधर, नीलम चोपड़ा, प्रकाश गिरधर, प्रभाकर राव गिरधर, नारायण लाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राजेंद्र जैन, प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फुले, डिगेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुम्पा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी, रितु साहू, कौशल्या वर्मा, कृष्णा निर्मलकर, नीलेश निषाद, अश्विनी निर्मलकर, छवि साहू आदि ने बच्चों को बधाई दिया है।

## आत्मानंद स्कूल भर्रेगांव में रोशनी प्रथम



**सोमनी।** भर्रेगांव के स्वामी आत्मानंद एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा में 14 छात्र शामिल हुए थे, जिसमें 9 प्रथम श्रेणी, 3 छात्र द्वितीय श्रेणी एवं 1 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ। परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। रोशनी साहू 92.5 अंक प्राप्त कर प्रथम, अमन कुमार सिंह 89.8 द्वितीय स्थान पर रहा। कक्षा 10 वीं हिन्दी माध्यम से 97 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा में 29 ने प्रथम श्रेणी, 37 द्वितीय श्रेणी एवं 10 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। शाला के टोमेश 87.3 अंक के साथ प्रथम, युवराज 84.5 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पर रहा। परिणाम 78.35 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वी की परीक्षा में शामिल 70 छात्रों में से 68 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 98.5 प्रतिशत रहा। शाला के 21 प्रथम श्रेणी, 41 द्वितीय श्रेणी, 6 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में युक्ति चंद्राकर 79.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, कॉमर्स संकाय में विनय साहू 77.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम और कला संकाय में वेणु निषाद ने 74.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उत्तीर्ण सभी छात्रों को प्राचार्य श्रीमती एस विजयन एवं शिक्षकों ने बधाई दी है।

## हर्षकुमार, दामनी, डिलेश्वरी और माधुरी अव्वल

**पटेवा।** स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा में कक्षा 10 वीं का परिणाम गुरूवार को घोषित हुआ। शाला के 119 विद्यार्थियों में 88 उत्तीर्ण हुए। शाला में प्रथम स्थान हर्ष देवांगन 95.33, द्वितीय भेषमणी साहू 92.83 रही। परिणाम 74.57 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 28, द्वितीय 51 एवं तृतीय श्रेणी में 9 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की परीक्षा में शामिल 151 में 143 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 82, द्वितीय 54 एवं तृतीय श्रेणी में 7 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया। विद्यालय के गणित संकाय में हर्ष कुमार साहू प्रथम, विज्ञान संकाय में दामिनी साहू द्वितीय, अन्नपूर्णा देवांगन 83.6, भूमिजा साहू 83.6, बलवंत वर्मा 80, वाणिज्य संकाय में डिलेश्वरी 81.2, कृषि संकाय में माधुरी 85.2, कीर्ति 82.6, प्रीतम 82.6, लतिका 81.2, गुलशन 80.8, युक्ति 80.4, कला संकाय में तामेश्वरी ने 77.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्य एचके साहू एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रंहा। परीक्षा में सम्मिलित 30 बच्चों में 20 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। लीसा साहू ने 91 प्रतिशत, लालिमा साहू ने 90, थानेशवरी साहू 90, सपना साहू 88, गौरी पाल 88, डिम्पल वर्मा 83, भावना साहू 82, गोदावरी साहू 79, चिंतामणी पाल 78, अजय पाल 66, आर्यन वर्मा 72, दिव्यानी साहू 64, कुमकुम साहू 62, तन्नु साहू 61, खिलेश्वरी साहू ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। सभी को एलएल साहू, रामदिल वर्मा, टीआर हिरवानी, मानिक गुप्ता, चंद्रकांत देवांगन, जेआर साहू, युगराज जैन, बहुरसिंग साहू, हरीशंकर साहू, मुरली प्रसाद साहू, विरेंद्र हिरवानी, प्राचार्य रोहित निर्मलकर आदि ने बधाई दिया है।

# आसरा की महिला सरपंच को वापस मिली कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- न्यायालय ने जारी किया स्थगन आदेश
- कार्रवाई को नहीं माना विधि सम्मत

ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत आसरा की महिला सरपंच अहिल्या पंचारी की बहाली गई है। सरपंच श्रीमती पंचारी को छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39 के तहत न्यायालय ने निलंबित कर दिया था। अपने निलंबन के खिलाफ कलेक्टर न्यायालय में अपील किया था। माननीय न्यायालय ने पारित आदेश का अवलोकन किया जिसमे छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39 की कंडिका (1) (ख) तथा कंडिका (2) उपधारा (१) के अनुसार कमशः अपीलार्थी को पद से हटाने के लिए कारण बताओं सूचना आरोप पत्र के साथ तामिल किया जाना आवश्यक है, तथा निलंबन आदेश की पुष्टि राज्य सरकार द्वारा ऐसी रिपोर्ट की प्राप्ति की तारीख से 90 दिन के भीतर किया जाना आवश्यक है, किन्तु इस प्रकरण में अपीलार्थिनी को कारण बताओ नोटिस के साथ आरोप पत्र की तामिली नहीं की गई है और न ही अपीलार्थिनी के निलंबन आदेश को राज्य शासन द्वारा पुष्टि की गई है। न्यायालय ने सुविधा का संतुलन अपीलार्थिनी के पक्ष में प्रतीत होने से स्थगन आदेश पारित किया था। न्यायालय ने सरपंच श्रीमती पंचारी को संपूर्ण प्रभार दिलाने का भी आदेश जारी किया है।

# शहर के विकास को लगाया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका के विभिन्न वार्ड में हुए विकास कार्य में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी और इंजीनियर ने सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों के दबाव में चहेते ठेकेदारों को सहयोग करने के साथ कागजों में ही निर्माण करवाकर लाखों का भुगतान कर दिया है। निर्माण कार्य में अनियमितता बरतते हुए कई कार्यो को कागजों में ही पूरा बताकर सत्यापन मूल्यांकन कर दिया गया है। मामले की जांच की जाए तो बड़ी गड़बड़ी उजागर होगी।शहर के वार्ड 6 में 2018-19 में 25 लाख की सड़क नाली निर्माण के अलावा कृष्णा नगर में 5 लाख के गार्डन की स्वीकृति मिली थी। वार्डवासियों ने इस निर्माण में अनियमितता बरतने और राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। लगभग 2 साल बीतने के बाद भी शिकायत की जांच नहीं हो सकी है। 5 लाख के गार्डन के कार्य को भाजपा समर्थित ठेकेदार ने कराया था किन्तु मौके पर गार्डन का अता-पता नही है। इसी प्रकार वार्ड में 15 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति भीमिली थी। मौके पर 5 से 6 लाख भी खर्च नहीं हुआ है। वार्ड 6 में उपचुनाव के पूर्व 10 लाख की नाली निर्माण की स्वीकृति भी मिली थी। नाली का निर्माण स्टीमेट को दरकिनार कर दिया गया। प्रस्तावित 10 लाख की नाली में ठेकेदार ने 5 लाख से भी कम राशि खर्च किया है।




### जांच शुरू

सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि वह 2024 से पदस्थ है। मामले की फाईल देखने के बाद ही कुछ बता पाउंगा। वार्ड 6 में 15 लाख की लागत से बनी सीसी रोड निर्माण की जांच जेडी कार्यालय दुर्ग से शुरू होने की जानकारी सामने आई है। इंजीनियर रितेश स्थापक ने बताया कि जेडी कार्यालय में उक्त निर्माण कार्य से संबंधित फाईल मंगाया गया है। सीसी रोड़ का भुगतान नगर पालिका से नहीं किया गया है।

## जिपं सीईओ ने ली अधिकारियों की बैठक

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। सीईओ ने जल संरक्षण के उपाय करने, भू-जल स्तर बनाए रखने एवं बढ़ाने के संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के उपाय करने के साथ ही जनसामान्य में जागरूकता लाने की जरूरत है। तालाब, डबरी, कुआं एवं अन्य माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक जिला पंचायत देवेन्द्र कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### विश्व जागृति मिशन का आयोजन

# बुजुर्ग नागरिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विश्व जागृति मिशन डोंगरगढ़ मंडल के निर्देशन एवं सदगुरु सुधांशु महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष में चंगोरा में सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी डीआर टेमरे के निवास में तीसरी बार बुजुर्गो सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सदगुरु सुधांशु महाराज को याद करते हुए आयोजित सम्मान समारोह में श्री टेमरे ने कहा कि बुजुर्ग जीवन के लिए एक प्रेरणा हैं। उनके अनुभवों का लाभ तभी ले सकते हैं जब हमारी दृष्टि सम्मानजनक हो। संत सुधांशु महाराज ने श्राद्ध पर्व की जगह श्रद्धा पर्व के रूप में आयोजित कर बड़ा उपकार किया है।



इस अवसर पर व्याख्याता संतोष टेमरे, रेलवे अधिकारी महेश टेमरे, बबलु, सोहेन्द्र, संजय, महेश्वर टेमरे सहित अन्य ने 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों का सम्मान किया। सर्वप्रथम उनके चरण धोकर तिलक वंदन कर आरती उतारी गई। तत्पश्चात शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्मला टेमरे, कौशल्या ठाकरे, बयन बाई चौधरी, सुहानी लिमजे, मोतन ठाकरे, यमनबाई रहंगडाले, मीरा बोपचे, ढोन्डुलाल टैमरे, नंदलाल बिसेन, प्रेमलाल कोबड़े, प्रभुदास भालाधरे, नाथूलाल टेटे, राधेश्याम मेश्राम, एचटी पटेल, डॉ वायपी ऐडे सहित अन्य मौजूद थे। रात्रि में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### लापरवाह कर्मियों को नोटिस

**डोंगरगढ़।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी की सख्ती के बाद पालिका में हड़कंप मच गया है। पालिका के काम काज में मनमानी करने वाले कर्मचारियों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी की सख्ती बरतना शुरू कर दिया है जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। बुधवार को सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा ने आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें पाया कि दोपहर लंच के बाद कार्यालय के लोककर्म कक्ष में ताला बंद था। निष्ठा ऐप से जांच करने पर पाया गया कि प्रायः दोनों प्लेसमेंट श्रमिक जयेश सहारे एवं माधुरी मंगर समयानुसार उपस्थिति दर्ज नहीं करते। समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते, जिससे काफी दिक्कतें आती हैं, जिसे देखते हुए सीएमओ ने 24 घंटे के भीतर दोनों कर्मचारियों को स्पष्टीकरण स्वयं उपस्थित होकर पेश करने आदेशित किया है। इस कार्यवाही से पालिका में हड़कंप मच गया।

### प्रधान आरक्षक को भावभीनी विदाई



**तुमड़ीबोड़।** ग्राम पंचायत के सभागृह में आयोजित समारोह में पूर्व लोकपाल अमलेंदु हाजरा, सरपंच टीकम पटेल, पुरुषोत्तम साहू, प्राचार्य शंकर लाल साहू की उपस्थिति में पुलिस चौकी से सेवानिवृत प्रधान आरक्षक बी. महानंद को विदाई दी गई। सरपंच टीकम पटेल ने महानंद को सरल स्वभाव का व्यक्ति बताया। श्री हाजरा ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री महानंद ने सामाजिक परिवेश में रहकर अनुशासन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाया। इस अवसर पर ग्रामवासी एवं श्री हाजरा ने सम्मान पत्र, शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अमरोतन साहू ने किया। इस अवसर पर दुकाल साहू, मनराखन कन्नौजे, धरमजी जैन, महावीर पटेल, केशलाल साहू, ताराचंद जैन, सोमन, जीवन जैन, पुरन साहू, डेरहा साहू, पुरूषोत्तम साहू, राजेश साहू, जनकलाल साहू, राजू साहू, झनक सांडिल्य, विक्की साहू, हरीश साहू, राजू साहू, बृज पटेल, रवि गंधर्व सहित अन्य उपस्थित थे।

### बिना ट्यूशन लिए हासिल की टॉपरों ने सफलता

# सरकारी स्कूल में पढ़कर दिया प्राइवेट स्कूलों को टक्कर

## कड़ी मेहनत की बदौलत हासिल की कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले की टॉप टेन सूची में दसवीं कक्षा में पहला स्थान पाने वाले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शाला के चुम्मनलाल पिता नारदराम साहू महज .17 अंकों के कारण चुम्मन लाल प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने से चूक गए हालांकि यह सूची अस्थाई है इसमें पुर्नमूल्यांकन या पुनर्गणना बाद परविर्तन की संभावना बनी रहती है। ब्लाक के शेरगढ़ गॉव के रहने वाले चुम्मनलाल के पिता नारदराम साहू के पास छै सात एकड़ के आसपास जमीन है, खेती किसानी के अलावा आजीविका चलाने रेडीमेड कपड़ों को व्यापार करते है।

छै भाई बहनों में सबसे छोटे चुम्मन लाल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय आत्मानंद शाला स्टाफ के शिक्षकों को देते हुए बताया कि बिना ट्यूशन किए उन्होंने सात से आठ घंटे पढ़ाई की और सेल्फ स्टडीज के बल पर सफलता हासिल की है। शेरगढ़ गॉव सहित पूरे ब्लाक का नाम जिले में रोशन करने वाले चुम्मनलाल साहू ने बताया कि वो आगे की पढ़ाई कला संकाय लेकर करेंगे और पूरा प्रयास करेंगे कि बारहवी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन सूची मे उनका नाम हो।

### आईएएस का लक्ष्य है धनिका का

बारहवीं बोर्ड परीक्षा मे जिले में पहला स्थान हासिल करने वाली धनिका पिता होरीलाल निषाद अपने गॉव महरूमखुर्द से पांच छै





किमी दूर ठेलकाडीह सरकारी स्कूल में पढ़ने आती थी। महज एक एकड़ जमीन की किसानी के अलावा पिता राजमिस्त्री का काम करके परिवार का गुजर बसर करते थे, लेकिन बचपन से मेधावी तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी धनिका ने आईएएस अधिकारी बनने का लक्ष्य मन मे पाला और तमाम अभावों और शाला आने जाने मे खासतौर से बारिश के दिनों को बिसराकर पूरा मन पढ़ाई में लगाया जिसके चलते वाणिज्य संकाय मे 94.20 प्रतिशत अंक पाकर जिले मे पहला स्थान बनाने में सफल रही। धनिका ने बताया कि पढ़ाई को लेकर हमेशा शाला स्टाफ का भरपूर सहयोग मिला। शिक्षकों ने समय समय पर मार्गदर्शन देकर बेहतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। रोज चार से पांच घंटे पढ़ाई करती थी, लेकिन परीक्षा के दौरान लगातार सात से आठ घंटे पढ़कर उसने यह मुकाम हासिल किया है।

### कलेक्टर ने दी बधाई

जिले से दसवीं बोर्ड परीक्षा मे 5807 पंजीकृत परीक्षार्थियो मे 5741 शामिल हुए थे जिसमें 1865 प्रथम, 2018 द्वितीय और 251 तृतीय श्रेणी में पास हुए जबकि 1221 फेल और 286 को अलग-अलग विषयो में पूरक मिला। इसी प्रकार बारहवी बोर्ड परीक्षा में कला संकाय के 2032 मे 1616 पास, 209 फेल और 207 को पूरक मिला। विज्ञान संकाय के 1438 में 1232 पास, 104 फेल और 101 पूरक, वाणिज्य संकाय के 546 मे 490 पास, 25 फेल और 31 पूरक रहे जबकि कृषि संकाय के 236 में 141 पास, 67 फेल और 27 को पूरक मिला। चारों संकायों को मिलाकर 4250 ने परीक्षा दी थी जिसमें 1365 प्रथम, 1923 द्वितीय और 191 तृतीय श्रेणी लायक अंको से पास हुए। कुल परीक्षार्थियों में 405 को असफलता मिली जबकि 366 को अलग-अलग विषयों में पूरक मिला। टॉप टेन में जगह बनाने वाले बच्चों सहित सभी सफल परीक्षार्थियों को कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एडीएम प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, डीईओ लालजी द्विवेदी, खैरागढ़ बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान और छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना सहित अन्य ने बधाई दी है।

# नाचते पहुंचे गुड्डा के बाराती दुल्हन के द्वार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा अनुसार गांवों के बच्चों ने गुड्डा गुडियां का विवाह किया। सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, जीरा टोला, चकनार, बेलगांव, खैरा नवापारा, गुमानपुर में बड़ों के मार्ग दर्शन में बच्चों ने गुड्डा गुड़ियों का विवाह रचाया। सड़क अतरिया के बच्चों ने रीति रिवाज के साथ यह आयोजन किया। गुड्डा गुडिया का विवाह रचाने तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया था। चुलमाटी से लेकर गुड़िया की विदाई तक की रस्म निभाई गई। शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ नाचते गाते गुड्डा का बारात मंड़प पहुंची। गुड्डा के साथ पहुंचे लोगों का स्वागत किया गया। रस्म के अनुसार लाल भांजी खिलाना, जूता छुपाई, कन्या दान आदि रस्म पूरा किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों बच्चे, महिलाएं, पुरुष साक्षी बनकर उपहार भेंट किया।

### कृषि भूमि की पूजा

अक्षय तृतीया के मौके पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शिवलिंग सहित अन्य देवी देवताओं की पुजा अर्चना किया गया। कुछ लोगों जल भर कर घड़ा, फल, मुद्रा आदि का दान किया। कृषकों ने भी खेतों में पहुंच कर पूजा अर्चना किया।

# जल आवर्धन योजना का अस्तित्व खतरे में! निम्न स्तर की फिल्टर मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- 10 से 15 करोड़ की लागत से हुआ था निर्माण

शहर के लोगों को पानी उपलब्ध कराने करोड़ों की लागत से बनाई गई जल आवर्धन योजना खत्म होने की कगार पर पहुंच गई। 2004-05 में तत्कालीन विधायक विनोद खांडेकर के प्रयास से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 10 से 15 करोड़ की लागत से उक्त निर्माण कार्य को कराकर शहर में पानी की पूर्ति पनियाजोब जलाशय से किया था। इस योजना का संचालक अब तक नगर पालिका के माध्यम से होता आया है। वर्तमान में चौथना के पास बनाए गए प्लांट पहले ही शहर में पानी सप्लाई की व्यवस्था को लेकर बरती जा रही अनियमितता और पॉवर प्लांट में लगाई गई मशनरी चर्चा का विषय है। करोड़ो की लागत से हुए इस निर्माण के फिल्टर प्लांट में लगाई गई मशीन के निम्न स्तर होने के साथ पानी को लेकर हमेशा शिकायत रही है। यहां पानी में निम्न स्तर के एलम का उपयोग किया जा रहा है जबकि नगर पालिका के माध्यम से उक्त सामाग्री का 10 गुना ज्यादा भुगतान किया जा रहा है। प्लांट में लगी फिल्टर मशीन भी निम्न स्तर की है।



### शहर में पेयजल संकट

वर्तमान में अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर में पानी की कमी सामने आ रही है। पिछले दो साल से पनियाजोब जलाशय गेट की जर्जर व्यवस्था एवं नहर की मरम्मत नही होने के कारण पानी का स्तर कम हो रहा है। इस बार जर्जर गेट को खोलने के बाद सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण जलाशय का पानी खत्म होने की कगार पर पहुंच चुका है। वर्तमान में जितना पानी जलाशय में है उस पानी से डोंगरगढ़ की प्यास बुझाना असंभव है। नगर पालिका और सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने जर्जर गेट को बंद कर जलाशय के पानी को रोकने का प्रयास तो किया किन्तु सफलता नहीं मिली है। जब तक गेट की मरम्मत ठीक से नही होगी तब तक परेशानी आते रहेगी। सिंचाई विभाग अब तत्कालीन व्यवस्था के रूप में ढंगोरा जलाषय से पानी लाने का प्रयास में है।

# छात्रावासों में बेहतर माहौल देना पहली प्राथमिकता : कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा



- अधीक्षकों एवं अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छात्रावास व आश्रमों की मरम्मत सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने छात्रावास अधीक्षकों व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने छात्रावास व आश्रमों के मरम्मत सहित मूलभूत सुविधाओं को चिन्हांकित कर कहा कि ऐसे मरम्मत कार्य जिससे अध्ययन प्रभावित हो उसे नया शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पहले पूरा कर लें। अधीक्षकों को आरईएस के साथ सामंजस्य बिठाकर निर्माण संबंधी काम का इस्टीमेट बनाकर हफ्ते भर के भीतर प्रस्तुत करने कहा।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने अधीक्षकों से प्रत्येक छात्रावास व आश्रम में हर महीने निगरानी समिति की बैठक के दिन पालक-बालक सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे पालकों को अपने बच्चों की प्रगति की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने सहायक आयुक्त व अधीक्षकों को उनके दायित्व का बोध करते हुए कहा कि छात्रावास आश्रम में कोई विशेष समस्या है, जिनका निराकरण वे नहीं कर पा रहे है तो ऐसी स्थिति में इसकी सूचना तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मौखिक व लिखित रूप में समस्या बताए। बैठक में अनुपस्थित अधीक्षकों को उन्होने कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। वही अधीक्षकों ने छात्रावासों की वस्तु स्थिति की जानकारी देते हुए बुनियादी सुविधाओं की कमियों से अवगत कराया।

### पालक की भूमिका निभाए अधीक्षक

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कन्या छात्रावास व आश्रमों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए अधीक्षक, चौंकीदार और महिला नगर सैनिक की उपस्थिति सुनिचित करे साथ ही छात्रावास में उनके आवास को लेकर प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करे। आवास मे रूकना सुनिश्चित करे और अनुशासन सहित किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोई अन्य अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित न हो इसका विशेष ध्यान रखे। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी अधीक्षकों से कहा कि बच्चें अपने गांव और मां-बाप से दूर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। उन सबकी जिम्मेदारी उनके ऊपर है इसलिए बतौर पालक की तरह व्यवहार करते हुए उनके भविष्य निर्माण में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधीक्षक बिना अनुमति या सूचना के हॉस्टल से अनुपस्थित नहीं रहेंगे। अनुपस्थित रहने वाले व कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। हॉस्टल को एक मॉडल हॉस्टल के रूप में विकसित करने विशेष प्रयास करने बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, नियमित साफ सफाई, निर्धारित मेनू अनुसार पौष्टिक भोजन प्रदान करने, पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही हॉस्टल के बच्चों का नियमित रुप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने कहा। हॉस्टल में उपलब्ध स्थानों में किचन गार्डन विकसित करने कहा वही बच्चों को अच्छा वातावरण देना पहली प्राथमिकता बताते हुए पढ़ाई में उनका फोकस कर प्रगति का समय-समय पर परीक्षण करने कहा। बच्चों को पूरा सहयोग प्रदान करने का निर्देश देते हुए कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों से छात्रावासों का नियमित निरीक्षण पंजी संधारित रखने कहा। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत शर्मा सहित जिले के सभी छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे।


### दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य टांडेकर सेवानिवृत्त



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते डॉ. केएल टांडेकर सेवानिवृत्त हुए। डॉ. टांडेकर ने अपने शैक्षणिक जीवन की शुरूआत 1982 में शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा से की। 24 वर्ष तक सहायक प्राध्यापक, 3 वर्ष प्राध्यापक तथा 15 वर्ष तक प्राचार्य के पद पर कार्य कार्यरत रहे। 26 वर्षों तक उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों में विभागाध्यक्ष वाणिज्य के पद को सुशोभित किया। वे 11 वर्षो तक शोध निर्देशक के रूप में कार्य किया। उनके मार्गदर्शन में 4 शोधार्थियों ने पीएचडी उपाधि प्राप्त की तथा पीएससी में चयनित होकर सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। वर्तमान में 5 शोधार्थी उनके मार्गदर्शन में पीएचडी कार्य कर रहे हैं। डॉ. टांडेकर ने 200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता दी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी। विभिन्न संगठनों द्वारा उनके द्वारा किए गए कार्यों को सम्मानित करते उन्हें महाविद्यालय से गाजे-बाजे के साथ बग्घी में बैठाकर घर तक विदाई दी गई।

### साल में एक दिन होता है दर्शन, लगती है भीड़

# सोमवार को खुलेगी मंड़ीपखोल गुफा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

कल शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाउगा। दो दिन बाद आगामी सोमवार को लोग ऐतिहासिक मंड़ीपखोल गुफा के दर्शन कर पाएंगे। लोगों को साल भर से इस दिन का इंतजार रहता है क्योंकि मंड़ीपखोल गुफा साल में केवल एक दिन अक्षय तृतीया के बाद आने वाले सोमवार को खुलती है। मंड़ीपखोल आने वाले लोगों की सहायता के लिए समिति गठित है जो इस दिन उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के साथ सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करती है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण मंड़ीपखोल गुफा पहुंचने का मार्ग काफी दुर्गम है। समिति द्वारा मार्ग की पहचान, समतलीय, पेयजल एवं गुफा के आसपास सफाई कर लोगों को अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। मंड़ीपखोल गुफा छुईखदान ब्लाक मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्राम पंचायत ठाकुर टोला के बाद जंगल रास्ते से यहां पहुंचा जाता है।

### शिवलिंग का दर्शन एवं पूजन

प्राचीन मंड़ीपखोल गुफा ठाकुर टोला जमींदारी अंतर्गत है। परंपरा अनुसार राज परिवार के सदस्य अपने कुल देवी को स्मरण कर गुफा का द्वार खोलते है। इसके बाद गुफा के अंदर स्थित शिवलिंग की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। साल में एक बार दर्शन करने का मौका मिलने वाले भगवान शिव पर लोगों की आस्था देखने को मिलती है। उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले पुरातत्व विभाग द्वारा गुफा का सर्वेक्षण किया गया था। कुछ कारण वश गुफा की वास्तविक लंबाई तो ज्ञात नहीं किया जा सका पर सर्वे में पाया गया कि यह गुफा भारत की पहली एवं एशिया की दूसरी सबसे लंबी गुफा है।गुफा की लंबाई काफी अधिक होने के कारण लोग टार्च आदि रौशनी के सहारे कुछ दूरी तक जाने के बाद लौट आते हैं। गुफा के अंदर अंधेरा रहता है।अंदर का रास्ता चढ़ाव, ऊतार वाला होने के साथ काफी सकरा है। लोग वैकल्पिक रौशनी के सहारे गुफा का भ्रमण करते हैं। गुफा के अंदर रौशनी पड़ने पर चट्टान के पत्थर टिमटिमाने लगते हैं जिससे गुफा की सुंदरता बढ़ जाती है।

### नदी के किनारे मार्ग

मंड़ीपखोल गुफा पहुंचने के लिए स्थाई मार्ग अब तक नही बना है। जंगल के उबड़, खाबड़ रास्तों से होकर यहां तक पहुंचा जाता है। यहां तक पहुंचने के लिए एक नदी के किनारे कभी एक छोर से तो कुछ दूरी बात दूसरे छोर से जाना पड़ता है।दिलचस्प बात यह है कि लोगों को एक ही नदी को अलग अलग जगहों पर सोलह बार पार करना पड़ता है।

### विकास की दरकार

मंड़ीपखोल गुफा एक प्राचीन धरोहर है। साल में एक दिन खुलने से इसका महत्व काफी बढ़ जाता है। ठाकुर टोला के बाद गुफा तक पहुंचने के लिऐ कोई स्थाई मार्ग नहीं है। जंगल का सफर भी चुनौती पूर्ण होता है। गुफा के समीप मूलभूत सुविधाओं की दरकार है। प्रशासनिक स्तर पर इस ओर ध्यान दिया जाए तो यह पर्यटन की दृष्टि से काफी विकसित हो सकता है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राजनांदगांव संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस अवसर पर जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नांदगांव ब्लड सेंटर, लाइफ लाईन ब्लड बैंक एवं बिलासा ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, मित्रता एवं मानव सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका विषय पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिन को विश्व रेडक्रास दिवस के रूप में मनाया जाता है। रेडक्रास सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवता के लिए हमेशा आगे रहती है।

उन्होंने रक्तदाताओं को प्रेरित करते कहा कि दिए गए रक्त को थैलेसिमिया, सिकलसेल, डिलीवरी एवं इमरजेंसी एक्सीडेंट केस में जीवन रक्षा के लिए किया जाएगा। रक्तदान को जनअभियान बनाने रेडक्रास संस्था द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकों द्वारा 61 यूनिट रक्तदान किया गया।

# 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में सफल छात्रों को कलेक्टर ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी सफल छात्र एवं छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर ने सफल विद्यार्थियों एवं जिले के टॉपर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता से जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का गौरव बढ़ा है। जिले में टॉपर विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उनकी सफलता से सभी जिलेवासी गौरवान्वित हुए हैं। शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षकों, जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन एवं प्रयास, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन के चलते नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी सफलता के शिखर को प्राप्त किया है। कलेक्टर ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग ने अपना संपूर्ण योगदान दिया है। जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अग्रसर रहेगा। इसके लिए शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में पूर्व वर्षों की तुलना में उत्कृष्ट रहा है। उल्लेखनीय है कि कक्षा दसवीं में मोहला 94.75%, मानपुर 93.08%, अंबागढ़ चौकी 91.34% एवं पूरे जिले का 92.75% प्रतिशत रहा है। वही कक्षा 12वीं में मोहला 94.77%, मानपुर 92.50%, अंबागढ़ चौकी 92.64% तथा जिले का 93.22% रहा। बहुत से स्कूलों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत आया है। वहीं पूर्व वर्षों की तुलना में जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। जिले के 10 वी में कुल 1321 व 12 में 1042 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में जगह बनाये है।

### 10वीं में तेजस्वी को मिली 93.50%

जिले में कक्षा 10 वीं में टॉपर विद्यार्थियों में तेजेश्वी सिन्हा 93.50%, कु.नुपूर सोनी 93.17%, कु. विनिता पिस्दा 93.17%, कु. मोनालिका 92.67%, दीपक कुमार 92.50%, ध्रुव कुमार साहू 91.83%,कु.पमिता 91.83%,कु. स्नेहा 91.83%, कु. पायल साहू 91.50%, कु. रिधिया मंडावी 91.17%, कु. किरण 91.00%, कु. रितिका 90.67%, रसीका कवंर 90.16% शामिल है। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में टॉपर विद्यार्थी में वैजन्ति 92.20%, आराधना निषाद 92.20%, राधिका 91.20%, लोमेश्वरी 91.00%, झामेश पटवा 90.20%, कुमेश्वरी 88.00%, आसमा बानो 87.20%, मधु 87.20%, दुष्यंत कुमार 87.00%, लीशा श्रीवास 85.80%, धीरज निषाद 85.80%, श्रुति गुप्ता 85.60%, पूनम 85.60%, विवेक कुंभकार 85.40%, श्रद्धा सिंधराम 85.40%, नेहा 84.40%, रूबी 83.80%, टिवंकल देवांगन 83.80% शामिल है।

### शीतल छाछ का वितरण



**राजनांदगांव।** अक्षय तृतीया अवसर पर झंकार दादी लघु मंडल एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की महिलाओं द्वारा जीई रोड के भदौरिया चौक में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक शीतल छाछ के लगभग 3800 गिलास का वितरण राहगीरों को किया गया। पैदल चलने वाले, दो पहिया, आटो, चार पहिया गाड़ियों के राहगीरों ने भीषण गर्मी में शीतल पेय सुस्वादिष्ट छाछ पीकर आयोजकों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कार्यक्रम पूरा होने पर वहां फैले खाली गिलासों को एकत्रित करवाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस दौरान समिति की अनिता लोहिया, नीता लोहिया, संध्या सिंघल, संगीता सिंघल, संतोष अग्रवाल, नीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, मोना लोहिया, अर्चना लोहिया, कंचन सिंघल, कांता अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता, प्रीति खंडेलवाल, रीना अग्रवाल, रमणीक अग्रवाल एवं अशोक लोहिया उपस्थित थे।

## सार समाचार

### अपहरण व दुष्कर्म के आरोपियों को सात-सात वर्ष की सजा

**राजनांदगांव।** विशेष न्यायाधीश (एक्ट्रोसिटी एक्ट) पीठासीन न्यायाधीश थामस एक्का के न्यायालय द्वारा मानव तस्करी व दुष्कर्म के एक मामले में आरोप साबित पाए जाने पर अभियुक्तगणों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। जानकारी के अनुसार मानव तस्करी व दुष्कर्म के अभियुक्त लक्ष्मीबाई पति संजय सिंह जिला दुर्ग, सलीम मोहम्मद पिता भैवरु खां निवासी हरसौर पुलिस चौकी हरसौर नागौर राजस्थान एवं जगदीश कुमार पिता सुगनाराम निवासी ग्राम हरसौर पुलिस चौकी हरसौर नागौर को भारतीय दंड विधान की धारा 366 एवं 370 के तहत सात-सात वर्ष का सश्रम कारावास और पांच-पांच हजार रुपए का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किए जाने की स्थिति में दो-दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा तथा अभियुक्त मनीष शर्मा पिता पन्नालाल शर्मा जिला नागौर को भारतीय दंड संहिता की धारा 370 एवं 376 के तहत सात-सात वर्ष का सश्रम कारावास और पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा नहीं किए जाने की स्थिति में दो-दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने की सजा से दंडित किया गया है। मामले में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एक्ट्रोसिटी) विकास शुक्ला ने बताया कि अभियुक्ता लक्ष्मीबाई, अभियुक्तगण जगदीश माली एवं सलीम मोहम्मद द्वारा थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत निवासी पीड़िता को काम दिलाने के नाम पर बहला-फुसलाकर अपने साथ राजस्थान ले गए और ग्राम भकरी राजस्थान निवासी अभियुक्त मनीष शर्मा के पास दो लाख रुपए में बेच दिए तथा आरोपीगण द्वारा फर्जी नोटरी तैयार कर जबर्दस्ती पीड़िता की शादी आरोपी मनीष शर्मा के साथ करा दिए। आरोपी मनीष शर्मा पीड़िता को अपने घर पर रखकर उसके मर्जी के खिलाफ जबर्दस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता के पति (प्रार्थी) ने चौकी तुमड़ीबोड में पीड़िता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया था। संपूर्ण जांच उपरांत भारतीय दंड विधान की धारा 365, 366, 368, 370, 376, 493 तथा एक्ट्रोसिटी एक्ट की धारा 3 (2), (वी), क के तहत विचारण हेतु विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 13 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश की प्रदेश, जिला, तहसील एवं नगर स्तरीय संगठनों की सामूहिक बैठक आगामी 13 मई को 12.30 बजे पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गई है। बैठक में प्रांतीय चुनाव कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की जाएगी तथा 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन मिलने संबंधी कार्रवाई पर भी चर्चा की जाएगी।

## अक्ती पर मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना

# बाजे-गाजे के साथ गुड्डा-गुडिया का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अक्षय तृतीया पर्व पर अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर भगवान परशुराम का जन्मदिन पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया। वहीं घर-घर में बच्चों ने परिजनों के साथ गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाकर मंगल कामना की।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव को अक्षय तृतीया उक्ती पर्व मनाया गया। इस मौके पर जहां मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। वहीं मारवाडी ब्राम्हण समाज द्वारा परशुराम भवन मठपारा में सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। दोपहर बाद शहर के बालाजी मंदिर गंज लाईन से भगवान परशुरामजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात बाजे-गाजे व भजन-कीर्तन के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। वहीं भगवान परशुराम के जयकारों की गूंज रही।







### देर शाम तक वैवाहिक कार्यक्रम

इधर अंचल में घर-घर में पारंपरिक रूप से बच्चों ने परिजनों के साथ मिलकर गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाया। इसके लिए बच्चों ने जहां घर-आंगन में छोटे-छोटे मंडप बनाए थे। वहीं बाजे-गाजे के साथ मिट्टी के दूल्हे की बारात निकालकर गुडिया से विवाह रचाया। इस मौके पर आसपास के लोगों को भी कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया था। आज सुबह से ही बच्चे इसकी तैयारियों में जुटे हुए थे। देर शाम तक बच्चे और उनके परिजन गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाने व्यस्त रहे। इस मौके पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर घर-परिवार में मांगलिक आयोजन होने की कामना की गई। पर्व के दौरान अंचल में हर्षोल्लास का माहौल रहा। अक्षय तृतीया पर्व को महामुहूर्त मानते हुए कई लोगों ने वैवाहिक आयोजन भी किए।

### नए कार्यों की शुरूआत

ज्ञात हो कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में गुरुवार को श्रीरामायण प्रचारक समिति से शाम को ब्राम्हण नवयुवक मंडल के तत्वावधान में शहर में बाईक रैली निकाली गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज के लोगों की उपस्थिति रही। आज भी दिनभर इस शुभ मुहूर्त पर कई लोगों ने वाहन, मकान, दुकान इत्यादी संबंधी कार्य शुरू किए। वहीं बाजार में आभूषण सहित अन्य सामग्रियों की भी खरीदी गई।

### गुड्डा-गुडिया की रही मांग

ज्ञात हो कि अक्षय तृतीया अक्ती पर्व को लेकर सप्ताहभर पूर्व से ही बाजार में मिट्टी की बनी गुड्डा-गुडियों की दुकानें सजी हुई थी। आधुनिकता का असर पारंपरिक रूप से बनने वाली गुड्डा-गुडियों पर भी पड़ा है। जिसके चलते नए किस्म के गुड्डा-गुडियों की मांग बच्चों के बीच में सर्वाधिक रही। इस मौके पर मिट्टी के बने बर्तन मटकी मौर इत्यादी की भी मांग लोगों के बीच रही।

## नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** बाजार में अव्यवस्थित रूप से वाहनों की पार्किंग एवं दुकानों का सामान सड़क पर होने से यातायात का जहां दबाव निर्मित हो रहा है। वहीं लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे लेकर यातायात पुलिस ने शहर में अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को सामान दुकान में रखने की समझाईश भी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 मई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, निरीक्षक अजय खेस, नवरतन कश्यप, सहायक उपनिरीक्षक येनलाल चंद्राकर, कुंजलाल साहू एवं यातायात टीम द्वारा शहर के बाजार क्षेत्र गुड़ाखू लाईन, जूनीहटरी, सिनेमा लाईन, महावीर चौक से मानव मंदिर रोड, गुरूनानक चौक से मानव मंदिर रोड में अतिक्रमण कर सामान लगाकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को समझाईश देकर हटाया गया। साथ ही भविष्य में रोड के बाहर सामान नहीं लगाने हिदायत दिया गया।

### सामान रोड में ना निकाले

नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई किया गया। राजनांदगांव के सभी व्यवसायी से अपील है कि सामान रोड पर बाहर न निकाले एवं दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करें। जिससे शहर के भीतर होने वाले जाम से छुटकारा पाया जा सके। यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात विभाग एवं आम जनता का सहयोग करें।

## संजीवनी में अब कैंसर का नि:शुल्क उपचार

■ आयुष्मान कार्डधारियों को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गंभीर बीमारी कैंसर के इलाज के लिए अब शहरवासियों को दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। शहर के संजीवनी हार्ट एवं न्यूरोकेयर सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में अब इस गंभीर कैंसर बीमारी का इलाज उपलब्ध हो गया है। पाईकेयर हैदराबाद एवं मुम्बई के अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा मेडिकल ऑन्कोलॉजी की सुविधा हास्पिटल में इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है।

संजीवनी हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अमित मोदी एवं डॉ. राघव वर्मा ने बताया कि कैंसर जैसी बीमारी के इलाज के लिए लोगों को अन्य बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता था। अब इसके इलाज को संजीवनी हास्पिटल में देश के जाने-माने डॉक्टरों की टीम के साथ कैंसर का इलाज एवं उसके आपरेशन की सुविधा शहरवासियों को उपलब्ध कराया गया है।

इसमें सभी प्रकार के कैंसर जैसे मुंह का कैंसर, थायराइड या गले में गांठ, पित्त की थैली एवं आंतों का कैंसर, शरीर में किसी भी प्रकार की गांठ मलद्वार का



कैंसर एवं हर प्रकार का सफल इलाज कीमोथेरेपी मेडकिल एवं हिमेट ऑन्कोलॉजी कैंसर सर्जरी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रहेगी। डायरेक्टरों ने बताया कि पाई कैंसर केयर डाट कॉम हैदराबाद एवं मुम्बई के अनुभवी डॉक्टरों की टीम के देखरेख में मेडिकल कीमोथैरोपी की सुविधा दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि कैंसर के इलाज के लिए पीआई ऑन्कोलॉजी इलुमनी सेंटर एवं हिन्दुजा हास्पिटल मुम्बई के प्रसिद्व डॉक्टर भरत पटोडिया, रहेजा हास्पिटल मुम्बई एवं नानावती हास्पिटल के फेफडों के कैंसर विशषज्ञ डॉ. शिवम शिंगला एवं बारह वर्षों की सर्जरी के अनुभवी डॉक्टर इप्सित इलाही दास अपनी सेवाएं हास्पिटल में देंगे।

## अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई की गई।

आबकारी उप निरीक्षक उज्ज्वल कुमार सूत्रधर एवं आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत व आबकारी आरक्षक जर्नादल पांडेय द्वारा ग्राम ढारा में रामअवतार वर्मा के कब्जे से 10 बल्क लीटर महुआ शराब तथा ग्राम बोरतलाब में रमेश सुंदरलाल कड़पते के कब्जे से 18 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देश दारू संत्री जब्त किया गया। इसी तरह आबकारी उप निरीक्षक नेहा सिंह एवं निजाम शाह ठाकुर व नागेश निषाद द्वारा ग्राम मरकाका में जोहरी हिचामे से 7 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। आरोपियों को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल में दाखिल किया गया है। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं तथा अवैध मदिरा विक्रेताआं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रखने कहा है।

## प्रदीप मिश्रा 18 से गंडई में सुनाएंगे कथा

**गंडई पंडरिया।** गंडई में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम का कार्य जोरों पर है। पं. प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम 18 से 24 जून तक गंडई के आत्मानन्द स्कूल के बाजू स्थित गोडवाना मैदान में होना है। जिसको लेकर लगातार समिति द्वारा बैठक कर कार्ययोजना बनाई जा रही है।

कार्ययोजना को विस्तार देते 10 मई को गंडई में बनाए गए कार्यालय में बैठक आहूत किया गया। तय किया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाने सेवादारों का गठन किया जाना नितांत आवश्यक है। सेवादारों के सहयोग से ही कार्यक्रम सफल हो पाएगा। इस दौरान बताया गया कि लाखों की संख्या में हर रोज भक्तजन शिव महापुराण सुनने गंडई आएंगे। जिसमे अव्यवस्था का आलम न हो, इसके लिए सेवभावियों की बड़ी संख्या आवश्यक रहेगा। बताया गया कि जिनके मन में शिव महापुराण को लेकर भक्तिभाव है और जो अपनी सेवाएं इस कार्यक्रम में देना चाहते हैं, ऐसे व्यक्ति अपने आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अपनी फोटो, मोबाइल नंबर सहित कार्यालय में जमा करेंगे।



### तीन हजार सेवादार सम्हालेंगे जिम्मा

समिति के सुधांशु यदु ने बताया कि जो भी भक्त इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे संजय बुक डिपो के बाजू में स्थित शिवमहापुराण कार्यालय में आकर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं। यह कार्य अभी 6 दिनों तक चलना है। गंडई के आसपास के 170 गांव के लोग इस कार्यक्रम में सेवादार बन सकते हैं। लगभग 3 हजार से अधिक सेवादार बनाया जाना है। हर दिन आधे-आधे की संख्या में सेवादार अल्टरनेट

### 18 एकड़ में कथा का पंडाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 एकड़ में कथा के लिए पंडाल का निर्माण किया जाएगा। 4 एकड़ की जमीन भोजन व्यवस्था के लिए होगी और 9 एकड़ में अतिरिक्त पंडाल बनाया जाएगा। चारो तरफ पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जो कथा स्थल से 1 किलोमीटर के बाद होगी। उन्होंने सभी भक्तों से अपील करते कहा है कि कथा को सफल बनाने में हर भक्त अपनी विशेष सहयोग समिति को हर संभव प्रदान करेंगे।

## परशुराम जयंती पर बाइक रैली



**राजनांदगांव।** भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के पूर्व संध्या भव्य मोटर साइकिल रैली का आयोजन राजनांदगांव शहर में किया गया। उक्त रैली रामायण प्रचारक समिति से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर भ्रमण करते रामायण प्रचारक समिति पहुंची, जहां भगवान परशुरामजी की आरती उपरांत प्रसादी वितरण बंधु-बांधवों को किया गया। जिसमें शहर एवं जिले के अन्य क्षेत्र के विप्रजनों की उपस्थिति रही। साथ ही सर्व ब्राह्मण समाज के अन्य जिले के सक्रिय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

उक्त आयोजन को मुख्य रूप से ब्राम्हण नवयुवक मंडल राजनांदगांव द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें सर्व ब्राम्हण समाज राजनांदगांव का सहयोग रहा। आयोजन में मुख्य रूप से पं. शरद तिवारी, नीलू शर्मा, निखिल द्विवेदी, अरूण शुक्ला, नीरज शुक्ला, नितिन शुक्ला, कौशल शर्मा, मुकेश शर्मा, मिनेश मिश्रा, अनुप शर्मा, बोधन शुक्ला, हरिओम शर्मा, राहुल मिश्रा, सौरभ तिवारी, शुभांशु तिवारी, दिव्यांश शर्मा, प्रतीक मिश्रा के अतिरिक्त सर्व ब्राम्हण महिला मंच से श्रीमती बाजपेई, प्रतिभा मिश्रा तथा सैकड़ों की सख्या में विप्र समाज के सदस्यों उपस्थिति रही।

# सिंगदई में रोका बाल विवाह, कन्या और वर पक्ष को दी गई समझाईश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में अक्षय तृतीया पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति द्वारा राजनांदगांव शहर के सिंगदई में बाल विवाह को रोका गया। टीम द्वारा वर एवं कन्या पक्ष को समझाईश दी गई कि बाल विवाह करना एवं करवाना एक कानूनी अपराध है। विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इस अपराध के लिए 2 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो एक लाख रुपए तक हो सकता है या दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

बाल विवाह कराए जाने पर बाल विवाह में शामिल परिजनों सहित विवाह करने वाले संस्थान, पुरोहित, टेंट हाऊस, प्रिंटिंग प्रेस, नाई, बैंड बाजा बजाने वाले व्यक्ति से लेकर खाना बनाने वाले एवं सगे संबंधी के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान



अनुसार कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सीके लाडे, पर्यवेक्षक दिव्या तिवारी सहित पुलिस, पटवारी, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अक्षय तृतीया के अवसर पर अधिक बाल विवाह होने की संभावना को रोकने सतर्क थी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया था। बाल विवाह रोकने जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर टीम बनाई गई थी। जिसमें ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक, पंच अन्य शामिल थे, जिन्हें बाल विवाह होने की स्थिति में तत्काल सूचित किया जा सकता था। टीम के सदस्य द्वारा संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी की जा रही थी। साथ ही जिले के नागरिकों से बाल विवाह रोकने बाल विवाह की सूचना मिलने पर दूरभाष क्रमांक 07744-220405 एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर 1098 संपर्क करने का आग्रह किया गया था। कलेक्टर ने जिले के जनप्रनिधियों एवं स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों से बाल विवाह को रोकने में सहयोग की अपील की थी।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा एवं महिला राजपूत महासभा द्वारा आरके नगर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूत महासभा द्वारा माल्यार्पण कर आरती उतारी गई। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के अध्यक्ष अजय सिंह परिहार, सचिव जयनारायण सिंह, करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह, संरक्षक डॉ. आईपीएस भदोरिया, राजपूत महासभा के महिला अध्यक्ष सुषमा सिंह, अर्चना सिंह, डॉ. मधु भदोरिया द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर राजपूत महासभा के युवा सदस्य जितेंद्र सिंह, गोल्डी भदोरिया, लालमुनई सिंह, रणविजय प्रताप सिंह, प्रिंस सिंह ठाकुर, महादेव सिंह, संतोष राजपूत, अपूर्व सिंह, प्रशांत सिंह कुशवाहा, रूपेंद्र सिंह ठाकुर, राहुल सिंह, सोम सिंह ने सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
➤ स्मार्ट कार्ड से नि:शुल्क ईलाज
➤ किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
➤ नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
➤ नि:सन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
➤ सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

## किराया जमा नहीं करने पर 6 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा रेलवे स्टेशन रोड स्थिति टांकाघर के पास व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। जिसके भूतल व प्रथम तल में निर्मित दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटितों को अनुबंध करा किराया जमा करने अनेक बार नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत अनुबंध नहीं करने पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 6 दुकानें क्रमशः जी-11, जी-19, जी-21 व एफ-8, एफ-14 व एफ-20 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्रवाई की गई।

आयुक्त गुप्ता समय-समय पर राजस्व की समीक्षा कर दुकानों के प्रीमियम राशि, अनुबंध एवं किराया के संबंध में जानकारी लेकर जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। निर्देशानुसार राजस्व अमला कार्रवाई कर रही है। पूर्व में सुभाष द्वार के पास निर्मित दुकानों में कार्रवाई की गई और आज प्र. उपायुक्त भूपेन्द्र वाडेकर के नेतृत्व में राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे, सहायक ग्रेड-2 अभिजीत हरिहारनो एवं निगम की राजस्व टीम रेलवे स्टेशन रोड टांकाघर के पास भूतल व प्रथम में निर्मित दुकानों में से 6 दुकानदारों द्वारा अनुबंध नहीं करा, किराया जमा नहीं करने पर तालाबंदी कर सील की गई।



आयुक्त गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा रेलवे स्टेशन रोड टांकाघर के पास भूतल व प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है, जिसे नियमानुसार नीलामी उपरांत शासन स्वीकृति पश्चात आबंटित किया गया है। आबंटन उपरांत संबंधित दुकानदारों को अनुबंध करा किराया जमा किया जाना था, जिनके द्वारा अनुबंध व किराया जमा नहीं किया गया, उन्हें नोटिस जारी किया गया, नोटिस के पश्चात भी कुछ दुकानदारों द्वारा अनुबंधकर किराया जमा नहीं कराया गया और उनके द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार का सम्पर्क नहीं किया गया, जिस पर कार्रवाई करते टांकाघर व्यवसायिक परिसर की 6 दुकानें क्रमशः जी-11, जी-19, जी-21 व एफ-8, एफ-14 व एफ-20 को निगम की राजस्व टीम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि दुकानों का प्रीमियम, अनुबंध व किराया का भुगतान नहीं करने पर आगे भी दुकानों में सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

Rahul Travels
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport, Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

**खबर संक्षेप**

## मिनमिनिया में विधिक जन-जागरूकता शिविर आयोजित

**कवर्धा।** थाना बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत मिनमिनिया में विधिक जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर शिविर में ग्रामीणजनों को शोषण से बचाव के लिए काननी रूप से साक्षर होना आवश्यक बताते हुए उन्हें दिन प्रतिदिन उपयोग में आने वाले कानन की जानकारी दी गई। बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, रोजगार गारण्टी अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, मोटरव्हीकल एक्ट, आबकारी एक्ट, आदि की जानकारी दी गई।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

### विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# मुख्य वन संरक्षक ने कवर्धा वनमंडल क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त दुर्ग डॉ. के मैचियो नें कवर्धा वनमंडल अंतर्गत दो दिवसीय प्रवास रहे। उनके द्वारा वन क्षेत्रों का दौराकर विभाग में चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वनमंडलाधिकारी शशि कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ के मैचियो मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त दुर्ग के कवर्धा वनमंडल अंतर्गत दो दिवसीय प्रवास के दौरान सर्वप्रथम विभिन्न तेन्दूपत्ता फड़ों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा सभी उपस्थित अधिकारी तेंदूपत्ता बीमा, छात्रवृत्ति की पूर्ण जानकारी प्रदाय करें। प्रत्येक संग्राहकों को कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण करने हेतु प्रोत्साहित करें तथा कर्मचारियों के तेन्दूपत्ता क्रेता के प्रतिनिधियों का मोबाईल नंबर प्रदाय करें। शहद प्रसंस्करण केन्द्र बोड़ला में स्थापित नवीन प्रसंस्करण मशीन, कोदो कुटकी व रागी साफ-सफाई मशीन का निरीक्षण किया गया तथा शहद प्रसंस्करण केन्द्र में शेष बचे मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किया गया। महिला स्व-सहायता समूहों को अच्छे गुणवत्तायुक्त मॉप क्रयकर प्रदाय करने निर्देश दिए। वहीं कोदो-कुटकी प्रसंस्करण केन्द्र में द्वितीय प्रसंस्करण शीघ्र प्रारंभ करने कहा गया। समूह को माहुल पत्ता मोल्डिंग मशीन प्रदाय किए जाने एवं भवन मरम्मत कराएं जाने निर्देशित किया गया।

### भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र में भूजल संरक्षण पर दिया जोर



भोरमेदव अभ्यारण्य क्षेत्र अंतर्गत भूजल संरक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा समस्त कार्य निर्धारित गुणवत्तायुक्त कराने निर्देशित किया गया। वन परिक्षेत्र रेंगाखार में चल रहे एएनआर कार्य का निरीक्षण किया। तत्पश्चात वन-धन विकास केन्द्र रेंगाखार में समूह द्वारा मुख्य वन संरक्षक महोदय को मिलेट्स प्रसंस्करण की प्रक्रिया और कुकीज निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य वन संरक्षक द्वारा समूह की आय में वृद्धि हेतु मार्ट के अतिरिक्त स्थानीय क्षेत्रों में उत्पाद का वितरण करने और वनधन भवन के आसपास असंवैधानिक तत्वों को हटाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात खारा परिक्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र के वृक्षारोपण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरा वनमंडलाधिकारी, कवर्धा, उप वनमंडलाधिकारी, कवर्धा, उप वनमंडलाधिकारी, सहसपुर लोहारा, उप प्रबंध संचालक, जिला यूनियन कवर्धा एवं अन्य क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थें।

# भगवान परशुराम की जयंती विधि-विधान से पूजा अर्चनाकर मनाईः दिनेश

- अक्षय तृतीया से किसान खेतों में अगामी खरीफ फसल की तैयारी में जुटें

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव निवासी दिनेश पांडेय द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती पर विधि-विधान से पूजा-अर्चनाकर घर व आसपास क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि के लिए भगवान परशुराम से आशीर्वाद मांगा। साथ ही साथ अक्षय तृतीया के दिन से ही किसान अपनी आगामी खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं किसान खेत-खलिहान की साफ सफाई के साथ-साथ किसान अपने-अपने खेत में जाकर धान की बुवाई की शुरूआत किया। मिली जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में कोलेगांव के निवासी शैलेंद्र पांडेय द्वारा अपने खेत में जाकर पांच मुठ्ठी डालकर धान की जुताई-बोवाई की शुरुआत किया व धरती माता से अच्छी फसल के लिए मनोकामना की गई।





### बच्चों ने गुड्डा-गुड़ियां का विवाह रीति-रिवाज से किया


अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों द्वारा सभी देवी-देवता मंदिर में नगर भ्रमण कर जल चढ़कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अक्षय तृतीया बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं अक्षय तृतीया के दिन छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़ियां का विवाह कार्यक्रम पूरी विधि-विधान तथा रीति-रिवाज के अनुसार विवाह का कार्यक्रम किया गया। जिसमें चुलमाटी, देवतेला, हरदाही, बारात व विदाई का कार्यक्रम छोटे-छोटे नन्ही बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़ियां का विवाह देखने को मिला।

# भगतपुर का गौतम देवांगन 92 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव







छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल भगतपुर का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें इस वर्ष 2023-24 में 56 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें से 24 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 19 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 11 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहें तथा वहीं दो छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में असफल रहें।

इसी प्रकार शासकीय हाई स्कूल भगतपुर का परीक्षा परिणाम 96.42 प्रतिशत रहा। जिसमें गौतम देवांगन 92 प्रतिशत, लक्ष्मी चंद्राकर 90 प्रतिशत, विम्लेश्वरी 89 प्रतिशत, सोनी चंद्राकर 88 प्रतिशत, रेखचंद यादव 87 प्रतिशत, ललीता चंद्राकर 84 प्रतिशत, किशन चंद्रवंशी 82 प्रतिशत, आशु चंद्रवंशी 80 प्रतिशत, कामनी यादव 78 प्रतिशत, कशक रात्रे 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रावीण्य एवं गेंदलाल साहू 73 प्रतिशत, प्रीती पात्रे 73 प्रतिशत, सरस्वती पात्रे 72 प्रतिशत, सूर्यनारायण 71 प्रतिशत, दिपिका साहू 71 प्रतिशत, रोशनी देवांगन 69 प्रतिशत, रिया पात्रे 68 प्रतिशत, मुस्कान बघेल 67 प्रतिशत, पायल यादव 67 प्रतिशत, कुमकुम रात्रे 67 प्रतिशत, उर्वशी साहू 65 प्रतिशत, रोशन चंद्राकर 63 प्रतिशत, शिवा खरे 61 प्रतिशत, अरुणा ध्रुवें 61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया।

इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा जिस पर संस्था के प्राचार्य रामकुमार कौशिक ने सभी विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए, शुभकामनाएं प्रेषित किया। वहीं विद्यालय के व्याख्याता श्रीमती शकुन चंद्रवंशी, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी व शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व उज्वल भविष्य की कामना की।

# पाण्डातराई स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई





नगर पंचायत पाण्डातराई के विभिन्न स्कूलों का बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वी व 12वीं परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर कक्षा दसवीं में सागर कुमार 97.5 प्रतिशत जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 12वीं से अनुराधा जायसवाल 93.2 प्रतिशत जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ भोरमदेव पब्लिक स्कूल से छात्रा शारा खान 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, इसी प्रकार शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई से कक्षा दसवीं में कविता साहू 92 प्रतिशत व कक्षा 12 वीं में आकृति पांडेय 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। जिस पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# कामठी में दो दिवसीय गोंडवाना दुल्हीपेन-दुल्हापेन शक्ति प्रतिस्थापना महोत्सव का आयोजन



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कामठी में दो दिवसीय गोंडवाना दुल्हीपेन- दुल्हापेन शक्ति प्रतिसंस्थापना महोत्सव का आयोजन किया किया गया। इस कार्यक्रम में पालीतानाखार के तुलेश्वर सिंह मरकाम साक्षी स्वरूप मुख्यतिथि के रूप में सम्मलित होंगे। इस दो दिवसीय गोंडवाना सामूहिक विवाह में गुरूवार को चुलमाटी कार्यक्रम तथा शुक्रवार को चिकट, हरदियाही, भांवर पूरी विधि-विधान के साथ विवाह किया। इस 18वां वर्ष इस कार्यक्रम को समाज व आसपास क्षेत्र के योग्य युवक-युवती विवाह हेतु पंजीयन कराएं है। यह पूरी तरह से सामाजिक कार्यक्रम है समाज द्वारा आयोजित किया गया। गोंडवाना आदर्श विवाह जब से आयोजित किया जा रहा है तब से बड़ी संख्या में योग्य युवा-युवती पंजीयन कराकर परिजन इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लाभ उठाते रहें है। लोगों के मनोरंजन एवं विवाह स्थल में होने वाली खुशी को ध्यान रखकर गोंडवाना सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## अरनव 95.50 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर कक्षा 10वी एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में कक्षा दसवीं में 55 विद्यार्थी में से प्रथम 22 छात्र छात्राओं ने द्वितीय, 22 तृतीय व तीन पूरक तथा 02 कुल 85.45 प्रतिशत कक्षा दसवीं का परिणाम रहा एवं कक्षा 12वीं में कुल 82 विद्यार्थियों में से प्रथम 14 द्वितीय स्थान, तथा 42 तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 05 पूरक व 08 इस तरह कुल 74.39 प्रतिशत परिणाम रहा। जिसमें कक्षा दसवीं में अरनव गुप्ता पिता शैलेंद्र गुप्ता माता श्रीमती सुकृति गुप्ता ने 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया व जिला में छठा स्थान बनाया। जिस पर संस्था के प्राचार्य चंद्रशेखर चौधरी, व्याख्याता ठाकुर प्रसाद नायक, मुकेश ठाकुर, राजेश चंद्रवंशी, चरणजीत सिंह पाहुजा, अब्दुल सईद खान, श्रीमती रंजना मिश्रा, श्रीमती मधुरिमा सोनी, श्रीमती अलका शर्मा, श्रीमती प्रियंका मेहरा, श्रीमती गायत्री तिवारी, श्रीमती सीमा मरकाम, सेवानिवृत शिक्षक भोले विश्वकर्मा एवं ग्रामवासियों बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अमलीडीह में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम पंचायत अमलीडीह में विगत दिनों विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने ग्रामीणजनों को जन उपयोगी कानून की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को काम दिए जाने का प्रावधान है, जिसमें उन्हें लिखित में आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा जिससे उनका जॉबकार्ड कार्यालय द्वारा बनाया जाकर उन्हें 15 दिवस के भीतर काम दिया जाएगा। साथ ही 15 दिवस के भीतर उन्हें मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। समय पर मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत ग्रामीणजन ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत में कर सकते हैं। वहीं ग्रामीण जनों को गिरफ्तारी के पूर्व एवं पश्चात के अधिकारों के बारे में ग्रामीणजनों को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के पश्चात उनके परिजन को सूचित किया जाना अनिवार्य है। महिला को सूर्यास्त के बाद एवं सूर्योदय के पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है यदि अनिवार्य हो तो अपराध की गम्भीरता के आधार पर उच्च प्राधिकारी से विशेष अनुमति पश्चात गिरफ्तारी किया जा सकता है। विधिक सहायता योजना, अभिरक्षाधीन बंदी को विधिक सहायता योजना 2003, बाल श्रम एवं बाल मजदूरी के बारे में बताया गया उन्होंने बच्चों से श्रम न करवाने बल्कि उन्हें पढ़ने-लिखने-खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, कोटवार एवं प्राधिकरण के पैरालीगल वालिन्टियर्स सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## राजानवागांव में ग्रामीणों को मिली पीड़ित क्षतिपूर्ति की जानकारी

**हरिभूमि कवर्धा।** थाना भोरमदेव क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम पंचायत राजानवागांव में विगत दिनों विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के सचिव राहुल कुमार ने ग्रामीणजनों पीड़ति क्षतिपूर्ति 2011 एवं 2018 के प्रावधानों के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि किसी अपराध की घटना में पीड़ित कोई भी व्यक्ति एफ.आईआर.की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम में प्रस्तुत कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### विप्र भवन में धूमधाम के साथ अक्ती व परशुराम जयंती मनी

# अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम प्रागट्य दिवस मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा स्थित विप्र भवन में शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर्व व भगवान परशुराम का प्रागट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम की तैलचित्र में माल्यार्पण कर व विधि-विधान से पूजा-अर्चना के तत्पश्चात प्रसाद वितरण का किया गया। वहीं उपस्थित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान परशुराम के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमोद शुक्ला ने भगवान परशुराम के कर्तृत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान परशुराम पहले ऋषि थे, जिन्होंने गुरू कुलों को एकत्र कर सर्वप्रथम संगठित किए थे जिनके कारण ही ब्राम्हणों के आदि संगठन कर्ता के नाम से उनकी पूजा की जाती है। नंद शर्मा ने भगवान परशुराम के पितृ भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए व्याख्याता उमेश पाठक ने बताया कि वे 07 अमर लोगों में एक हैं इसलिए उनके जन्मदिन को अक्षय तृतीया कहा जाता है, श्रीमती रेखा पाण्डेय ने भगवान परशुराम से प्रेरणा लेते हुए आज भी समाज को एक रखने पर तथा सभी को एक मंच पर आने का आह्वान किया। श्रीमती मधु तिवारी ने उनकी जीवन पर प्रकाश डाला तो डॉ आनंद मिश्रा ने उनके शौर्य और धैर्य तथा अलग-अलग युगों में उनके द्वारा किए कार्य का उल्लेख किया। उक्त अवसर पर विप्रसमाज के उपाध्यक्ष उमंग पाण्डेय, युवा अध्यक्ष डॉ आनंद मिश्रा, कीर्ति दत्त तिवारी, दिलिप तिवारी, बिन्नू तिवारी, प्रमोद शुक्ला, नंदकुमार शर्मा, उमेश पाठक व समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदनारायण तिवारी, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती आभा तिवारी, श्रीमती ज्योत्सना शर्मा, मधु तिवारी, श्रीमती रेखा पाण्डेय, अर्चना तिवारी, श्रीमती प्रतिमा शर्मा सहित समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएं जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयॉं कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# अंचल में निभाई गई अक्ती की परम्परा, रचाया गया गुड्डा-गुड़ियों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अक्षय तृतीया अर्थात अक्ती के पर्व पर पूरे अंचल में जहां पेड़-पौधों में जल चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई वहीं ब्राम्हणों, साधु और भांजो को नई कलशी के साथ आम और रूपए पैसे दान दिए गए। ग्रामीण अंचलों में ठंडे पानी के लिए देशी फ्रिज के रूप में मिट्टी के लाल मटकों का उपयोग अक्षय तृतीया से शुरू हो गया है। हिन्दू मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीय के दिन दिया गया दान और किए गए सत्कर्म अथवा पुण्य अक्षय होते है। इस लिए आज के दिन पेड़ पौधों व देवताओं में मिट्टी के नए कलशों में जलभर चढ़ाया जाता है। गरीबों, ब्राम्हणों के अलावा साधू, सन्तों और अपने पूज्य लोगों को भी नयी कलशी के साथ यथाशक्ति दान दक्षिणा दी जाती है। चूंकि छत्तीसगढ़ में भांजे को पूज्य माना जाता है। अतः ग्रामीण अंचलों में अक्ती के दिन मामा-मामी अपने भांजे-भांजियों की पूजा करके उन्हें दान देते है। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार ग्रामीण अंचल के लोग आम की नयर फसल और देशी फ्रिज के रूप में विख्यात मिट्टी के नये लाल मटकों का उपयो अक्षय तृतीया के पूर्व नहीं करते। इस परम्परा को मानने वाले बहुसंख्य ग्रामीण अक्षय तृतीया के दिन आम और नये घड़ों का दान करने के बाद ही अपने उपयोग में लाते है। अक्ती के दिन कुम्हार के घरों से लाये गये लाल मटकों में पानी भरकर सर्व प्रथम पेड़ पौधों और देवमंदिरों में चढ़ाया जाता है। इसी तरह भांजे भांजियों को अथवा ब्राम्हणों और साध संतों को भी मिट्टी के नये मटकों के साथ आम के फल दान किये जाते है। वनवासी अंचल के गांवो में अक्ती का पर्व पूरी श्रृद्धा के साथ मनाया गया। अक्षय तृतीया के दिन विवाह भी काफी संख्या में होते है। मान्यता के अनुसार रामनवमी और अक्षय तृतीया के दिन विवाह मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती। चूंकि ये दोनों पर्व स्वयं में शुभ और सर्वार्थ सिद्ध योग के रूप में मनाए जाते है। अतः ग्रामीण अंचल के अधिसंख्य विवाह इन्ही दिनों सम्पन्न होते है। इसी दिन गुड्डे-गुडियों की शादी के आयोजन भी गांवों में धूमधाम से किए जाते है। छत्तीसगढ में गुड्डे-गुडियों अर्थात पुतरा-पुतरी के विवाह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाता है। गांव के किशोर-किशोरियों और युवक-युवतियों के सामूहिक आयोजन में पुतरा-पुतरी की शादी कहीं-कहीं असली शादियों को भी मात दे देती है। कुल मिलाकर पूरे अंचल में अक्षय तृतिया पर्व की धूम रही और पर्व को लेकर बड़ों से लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया है।

### उत्सव में डिप्टी सीएम ने शामिल होकर की हौसला अफजाई



अक्षय तृतीया (अक्ति) त्यौहार के अवसर पर अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा पुहंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा कई कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने जहां कई गांवों का दौरा किया और कई मांगलिक कार्यक्रमों में सिरकत की वहीं वे कवर्धा नगर के कडरा पारा नवीन बाजार के पास छोटे-छोटे बच्चों के पुतरी पुतरा विवाह में भी रुककर शामिल हुए। उन्होंने बच्चों के पुतरी पुतरा का पूजन कर सगुन (टिकावन) भी दिया। अक्षय तृतीया के अवसर पर बच्चों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अपने बीच कवर्धा विधायक और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पाकर बच्चों का उत्साह भी दोगुना हो गया। अपने कवर्धा प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने भाजपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों व लोगों से मेलमुलाकात भी की और उनसे उनका हालचाल जाना।

## खबर संक्षेप

### शीघ्र और मुद्रलेखन की परीक्षा प्रारंभ

**कवर्धा।** शीधलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परिषद्, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने मुद्रलेखन की विभिन्त्र गति (5000, 8000, 10,000) की परीक्षा शुरू कर दी है। इन परीक्षा को लेकर अलग-अलग तारीख तय की गई है। प्रवेश पत्र परिषेद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।₹ एडमिट कार्ड पर चयनित परीक्षा की तारीख, परीक्षा केन्द्र, बैच व समय की जानकारी अंकित है।

### आदि शंकराचार्य का प्राकट्य महोत्सव कल

**कवर्धा।** आदित्य वाहिनी द्वारा 12 मई को शाम 6 बजे अटल बिहारी ऑडिटोरियम में शंकराचार्य के 2531वें प्राकट्य महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के वक्ता आमंत्रित किए गए हैं। आदित्य वाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि आदि शंकराचार्य का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन होगा। आदि शंकराचार्य की जीवनी पर विचार व्यक्त करेंगे।

### रध्घुपारा में दो दिवसीय सतनाम मेला 14 से

**कवर्धा।** घासीदास सेवा समिति ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन 14 व 15 मई को किया है। गुरु घासीदास सेवा समिति रध्घुपारा धाम के गुरुद्वारा परिसर में गुरु गद्दीप स्थापना कलश व पालो चढ़ाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष गणेश ६ पात्रे ने बताया कि इस अवसर पर पं वि तिहारू कोसले द्वारा दो दिवसीय ग्र सतनाम ग्रंथ प्रवचन का कार्यक्रम अ समस्त मानव समाज को सुनाया क जाएगा। 15 को मई को छत्तीसगढ़ के रह सुपर स्टार श्याम कुटेलिहा अपने गां कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे

### कुनाल साहू बोर्ड परीक्षा में रहे अव्वल

**कवर्धा।** नगर पंचायत इंदौरी निवासी कुनाल साहू पिता श्रवण साहू ने कक्षा दसवी में 90.83 प्रतिशत अंक से परीक्षा उत्तीर्ण की है। आपको बता दें की कुनाल साहू बिरकोना स्थित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल में पढ़ाई करता है। होनहार छात्र कुनाल साहू की इस अच्छे अंक से उतीर्ण होने पर ईष्ट मित्र सहित वरिष्ठ नागरिक ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**अनदेखी:** जून में प्रारंभ होगा नया शिक्षा सत्र, व्यवस्थाएं दुरुस्थ करने की दरकार

# जिले के जर्जर स्कूल भवनों की नहीं ली जा रही सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिक्षा सत्र 2023-24 समाप्त हो चुका है और ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आगामी 15 जून से नया शिक्षा सत्र भी प्रारंभ हो जायेगा। ऐसे में अवकाश के इन दिनों में शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग को इस बात की सुध लेनी चाहिए कि जिले के सरकारी स्कूल भवन की क्या स्थिति है और जो स्कूल भवन जर्जर व खस्ताहाल हैं उन्हें नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व दुरूस्थ करा दिया जाना चाहिए ताकि नए शिक्षा सत्र में स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार कोई परेशानी न हो और वे सुविधापूर्ण ढंग से विद्याध्यन कर सकें।

लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि अभी तक जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका मतलब साफ है कि नए शिक्षा सत्र में भी विद्यार्थियों को उन्हीं समस्याओं और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा जो वे बीते वर्ष भुगत चुके हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में संचालित ऐसे दर्जनों सरकारी स्कूल भवन हैं जिन्हें मरम्मत की दरगार है। इनमें से कुछ तो बेहद जर्जर व खस्ताहाल हो चुके हैं और उनमें स्कूली बच्चे जान हंथेली में लेकर पढ़ाई लिखाई करते हैं।


विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत देवगडिया के आश्रित ग्राम ढोलाकांपा की बात की जाए तो यहां संचालित सरकारी स्कूल भवन की स्थिति भी बेहद दयनीय है। स्कूल भवन की दीवारों का प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है। भवन की खिड़कियों, फ्लोरिंग आदि का भी हाल बेहाल है। इसी तरह विकासखण्ड पंडरिया के ही ग्राम बाहपानी, कुशयारी, महिडबरा, हथिबुदान, मजगांव विख बोड़ला के ग्राम बिसनपुरा सहित दर्जनों ग्रामों के स्कूलों की स्थिति मरम्मत योग्य है। बेहतर होगा कि शासन-प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग इस ओर गंभीरता दिखाते हुए वक्त रहते हुए सरकारी स्कूल भवनो की मरम्मत कराने में रूचि दिखाए।

### मरम्मत के नाम पर दी जाती है नाम मात्र की राशि




इस संबंध में स्कूलों के प्राचार्यो के मुताबिक ऐसा नहीं है कि शासन स्कूलों के मरम्मत की सुध नहीं लेती। हर साल शाला मरम्मत सहित स्टेशनरी आदि के लिए राशि आबंटित किए जाने का प्रावधान है और राशि आबंटित भी की जाती है। लेकिन यह राशि इतनी कम होती है कि इससे स्टेशनरी आदि की व्यवस्था तो की जा सकती है लेकिन मरम्मत नहीं हो सकती। सरकारी स्कूल के कुछ प्राचार्यो ने बताया कि यह राशि नियमित रूप से नहीं दी जाती है और आज की मंहगाई के लिहाज से यह राशि बेहद कम है जिससे सालभर की स्नेशनरी का खर्च भी बमुस्किल पूरा हो पाता है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी कम राशि से जर्जर स्कूलों की व्यवस्था कैसे दुरूस्त की जा सकती है?

# बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

तथा कथित सुधार कार्य एवं रखरखाव के नाम पर इन दिनो छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी जिले के ग्रामीण अंचलों में जमकर पावर कट कर रही है। जिसके चलते भीषण गर्मी में ग्रामीण उपभोक्ता जहां हलाकान और परेशान हो रहे हैं वहीं उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

अंचल के ग्रामीण उपभोक्ताओं ने कम्पनी पर मनमानी का अरोप लगाते हुए तत्काल विद्युत कटौती पर रोक लगाए जाने की मांग की है। विकासखण्ड पंडरिया के मैदानी तथा वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ताओं ने बताया कि यहां ग्रीष्त ग्रतु प्रारंभ होने के साथ ही बिजली का रोना बढ़ गया है। आलम ये है कि क्षेत्र के सब स्टेशनों से कभी विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है। इसके अलावा जरा सी हवा पानी की आहट होने पर भी अचानक बिजली गुल हो जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक इस कटौती पर विभागीय दलील है कि सब स्टेशन अंतर्गत सुधार तथा रख रखाव कार्य चल रहा है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय भी उन्हें बिजली की आंख मिचोली का सामना करना पड़ रहा है। अगर वास्तव में कम्पनी रखरखाव व सुधार कार्य कर रही है तो रात के समय उन्हें फाल्ट का सामना क्यों करना पड़ रहा है। उन्होने विभाग से विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कर उपभोक्ताओं को सुखरू रूप से विद्युत आपूर्ति कराए जाने की मांग की है।

### पेयजल व्यवस्था व सिंचाई हो रही बाधित

घंटों विद्युत सप्लाई बंद होने के कारण लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा की गर्मी के इन दिनो में अधिकांश गांवों के हैण्ड पंप बंद पड़ चुके हैं और लोग मोटर पंपों के भरोसे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं लेकिन बिजली के रोना के कारण उन्हें समय पर पानी भी नहीं मिल पा रहा है। दूसरी तरफ जिन किसानो ने अपने खेतों में गन्ना का रकबा तथा साग-भाजी लगा रखी है उन्हें भी बिजली के आभाव में सिंचाई की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा का परीक्षा परिणाम बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

9 मई को माध्यमिक शिक्षा मण्डल के द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वी की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रदेश में 10 वी में 75.65 फीसदी तो 12 वी में 80.74 फीसदी विद्यार्थियों ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। वहीं जिले के बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा की छात्रा तृप्ति सागर ने कबीरधाम जिले के टॉप टेन में जगह बनाई है। शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा तृप्ति सागर 95.66 प्रतिशत अंकों के साथ जिले के टॉप टेन सूची में रही है। वही निहाल चंद्राकर 94.16 प्रतिशत आंचल दिवाकर 93.66 प्रतिशत, शेख आसिफ 93.33 प्रतिशत, खुशी चंद्रवंशी 92.50 प्रतिशत, सौम्या शुक्ला 91.86 प्रतिशत, गरिमा चंद्रवंशी 90.56 प्रतिशत, अर्पणा तिवारी 90.16 प्रतिशत, शुभम साहू, मीनाक्षी चंद्राकर 86.83 प्रतिशत, साक्षी चंद्राकर 84 प्रतिशत, प्रज्ञा चंद्रवंशी 80.66 प्रतिशत, किशन साहू 79.56 प्रतिशत, तुनेस चंद्राकर 79.33 प्रतिशत, यादराम कुर्रे 77.36 प्रतिशत, मोहनीश 77.16 प्रतिशत, युवी चंद्रवंशी 77 प्रतिशत, अमित यादव 75.16 प्रतिशत, अनमोल दुबे 73.66 प्रतिशत, अभय चंद्राकर 65.56 प्रतिशत, वंशिका बंजारे 65.16 प्रतिशत, रिया चंद्राकर 64.66 प्रतिशत श्रुति चंद्राकर 60.66 प्रतिशत, हितेश चंद्राकर 52 प्रतिशत, निहारिका वर्मा 51.83 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा के छात्र छात्राओं ने जिले, अपने स्कूल एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर स्कूल के अध्यक्ष रामप्रताप चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, दामनी चंद्राकर एवं स्टॉप ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# जिला अस्पताल में हो रहा है निः शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला चिकित्सालय कवर्धा में लगातार मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन हो रहा है जिसका लाभ हितग्राही ले रहे है।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के निर्देशन एवं सिविल सर्जन डॉक्टर केशव ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन में प्रति सोमवार को मरीजों को भर्ती एवं मंगलवार को ऑपरेशन किया जा रहा है। इन दिनों रायपुर से रेटीना सर्जन डॉक्टर प्रांजल मिश्रा अपनी सेवाएं दे रहे है। जिला अस्पताल में आंखो की जांच प्रति दिन की जा रही हैं। आंखों की जांच नेत्र सहायक अधिकारी मनीष जॉय एवं धीरेंद्र शर्मा अनामिका मढरिया कर रहे हैं तथा बेहतर सुविधा के लिए शिवगोपाल सिंह का विशेष योगदान मिल रहा है।

हाल ही में जिला चिकित्सालय कवर्धा में 19 मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई रोशनी प्रदान की गई है।

### हौसला अफजाई...



**कवर्धा।** शाहरुख खान छत्तीसगढ़ फैन क्लब की फाउंडर व चेन्नई फैन क्लब की सदस्य कवर्धा निवासी नेहा शर्मा ने जिला कबीरधाम के ग्राम रोचन के रहने वाले पूनम पटेल ने कक्षा दसवीं में 95 .03 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में टॉप टेन पर अपना स्थान बनाया है। शुक्रवार को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने उनके घर जाकर उनको बधाई एवं सम्मान देकर छात्र का हौसला बढ़ाया।

निर्धारित शुल्क व नियमों के तहत कर सकते विद्यार्थी आवेदन

# दसवीं व बारहवीं में पुनर्मूल्यांकन के लिए पंद्रह दिन का समय



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित परीक्षा दसवीं व बारहवीं में पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना व उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्रदाय हेतु परीक्षाफल घोषित दिनांक से पंद्रह दिवस के अंदर निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करने का समय-सीमा निर्धारित किया गया है। शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने दसवीं व बारहवीं परीक्षा में प्राप्त अंकों से असंतुष्ट विद्यार्थियों से अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा के अंदर आवेदन करने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा तीन मई 2024 को जारी पत्र के अनुसार पुनर्गणना हेतु प्रति विषय एक सौ रुपए, पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रति विषय पांच सौ रुपये एवं उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्रदाय हेतु प्रति विषय पांच सौ रुपये का शुल्क निर्धारित है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पंद्रह दिवस के अंदर विद्यार्थी पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन व उत्तरपुस्तिका के छायाप्रति में से किसी एक या दो या तीनों प्रक्रिया हेतु आवेदन कर सकता है. निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर शुल्क के साथ अग्रेषण संस्था में जमा किया जा सकता है या फिर विद्यार्थी मण्डल की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

### दो शिक्षक करते हैं पुनर्मूल्यांकन

प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बोर्ड के नियमानुसार पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा कराया जाता है। दोनों मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिए गए अंकों के औसत पूर्व में प्राप्त अंकों से दस प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि होने पर ही अंकों में वृद्धि मान्य किया जाता है। पुनर्मूल्यांकन में अंकों की कमी होने पर अंक घटाए नहीं जाते हैं अर्थात पूर्व के अंक यथावत रहते हैं।

### पुनर्गणना में कमी या वृद्धि दोनों मान्य

पुनर्गणना प्रक्रिया में विद्यार्थियों के अंकों में कमी या वृद्धि दोनों मान्य किया जाता है। अर्थात एक अंक की कमी या वृद्धि मान्य किया जाता है। अंकों की कमी या वृद्धि मान्य किए जाने पर मण्डल द्वारा संशोधित अंकसूची जारी किया जाता है।

### तो नहीं मिलती नवीन अंक सूची

पूरक या अनुत्तीर्ण वाले विद्यार्थियों के पुनर्मूल्यांकन उपरांत किसी विषय में दस प्रतिशत या उससे अधिक अंकों की वृद्धि होती है और परीक्षाफल में कोई परिवर्तन नहीं होता है, तो अंक वृद्धि मान्य नहीं किया जाता है अर्थात ऐसे विद्यार्थियों को नवीन अंकसूची नहीं दिया जाता है।

# शिविर में 1494 महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीएल राज के निर्देशानुसार, अनुपमा तिवारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में जिला जिला अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में गत 9 मई दिन गुरुवार को मातृत्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार उचित सलाह व दवाइयां दी गई। आसपास के क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं स्वास्थ्य जांच कराने अस्पताल पहुंची। जिले के सभी अस्पताल में दर्जनों गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की गई। स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित जांच शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड गुरप, एचआईवी सहित गर्भस्थ शिशु की गतिविधि को देखा गया। विभिन्न गांवों की 1494 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। प्रसव वाली महिलाओं को अपने निकटतम बैंक में खाता खुलवाने का निर्देश दिया गया ताकि प्रसव के उपरांत हितग्राहियों के खाते पर राशि भेजी जा सके। इस दौरान महिलाएं में एनिमिया के लक्षण वाले महिलाओं को जरूरत की दवाएं दी गई साथ ही उन्हें सुरक्षित प्रसव की जानकारी भी दिया। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच कराने और मितानीन दीदियों के सतत संपर्क में रहने का सलाह भी दिया गया।